रांची, मंगलवार, 3 जून 2025
संवत 2082, ज्येष्ठ शुक्ल-7 मूल्य 2 रुपये
वर्ष-8, अंक 269 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028

मेट्रो Rays
आगे रखने का वादा
सांध्य दैनिक



4 ▸▸ नक्सलवाद पर लगाम की ओर बढ़ते कदम
यही से 17 साल की आयशा की बदली जिंदगी... ◂◂ 6

# लूटा गया 2.5 टन विस्फोटक बरामद

**संवाददाता**



**रांची :** झारखंड जगुआर, सीआरपीएफ और ओडिशा पुलिस ने जॉइंट ऑपरेशन के तहत 2.5 टन विस्फोटक बरामद किया है। बरामद विस्फोटक को नक्सलियों के द्वारा ही घात लगाकर लूट लिया गया था। जिसके बाद झारखंड जगुआर, सीआरपीएफ और ओडिशा पुलिस ने एक साथ मिलकर विस्फोटक बरामदगी के लिए लगातार अभियान चला रहे थे।

**झारखंड-ओडिशा बॉर्डर पर बड़ा अभियान :** आपको बता दें कि 27 मई को ओडिशा के केबलांग थाना क्षेत्र के रेलाहातु यांको एरिया से नक्सलियों ने दो सौ पैकेट (करीब पांच टन) विस्फोटक लूटा था। इसके बाद से ही ओडिशा और झारखंड पुलिस संयुक्त रूप से सारंडा जंगल और ओडिशा के सुंदरगढ़ में अभियान चला रही थी. अभियान के दौरान सारंडा से भी बड़ी मात्रा में विस्फोटक बरामद किया गया था।

**संयुक्त कार्रवाई में 2.5 टन विस्फोटक सामग्री बरामद :** वहीं, अब ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले के कोइडा जंगल क्षेत्र से सुरक्षाबलों ने 2.5 टन विस्फोटक सामग्री बरामद की है. यह बड़ी सफलता सीआरपीएफ, कोबरा बटालियन और स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप की संयुक्त कार्रवाई में मिली है. ऑपरेशन में झारखंड जगुआर, सीआरपीएफ के अलावा ओडिशा पुलिस जवान शामिल थे।

**घने जंगलों में घंटों चला सर्च ऑपरेशन :** ओडिशा पुलिस की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक लूटे गए विस्फोटकों के संबंध में मिली पुख्ता जानकारी के बाद यह अभियान चलाया गया है. सुरक्षाबलों ने घंटों तक घने जंगल और पहाड़ी इलाकों में सर्च ऑपरेशन चलाया, जिसमें मेटल डिटेक्टर और स्निफर डॉग की मदद से जमीन के नीचे छिपाकर रखे गए विस्फोटकों का बड़ा जखीरा बरामद किया गया है।

**सारंडा तक नहीं पहुंच पाया विस्फोटक :** सुरक्षाबलों के बड़े अभियानों की वजह से सारंडा और उसके आसपास नक्सली एक विशेष क्षेत्र में ही घिरे हुए है. उनके पास हथियार और गोला बारूद की भारी कमी हो गई है, इसी कमी को पूरा करने के लिए उन्होंने 27 मई को झारखंड-ओडिशा बॉर्डर पर विस्फोटक से भरा ट्रक लूटा था।

सभी विस्फोटकों को सारंडा के घनघोर जंगलों तक पहुंचाया जाना था लेकिन उससे पहले ही ओडिशा और झारखंड पुलिस के साथ-साथ सीआरपीएफ के द्वारा चलाए गए अभियान से लगभग सभी विस्फोटक बरामद कर लिए गए हैं. इस मामले पर राउरकेला के एसपी ने ट्वीट कर 2.5 टन विस्फोटक बरामद होने की जानकारी दी है। साथ ही यह भी जानकारी दी है कि सर्च अभियान अभी भी जारी है।

# 13 दिन बाद मिले तीनों मजदूरों के शव 130 फीट अंदर दबा हुआ था डेडबॉडी



**हजारीबाग:** जिले के केरेडारी प्रखंड स्थित कंडाबेर गांव में संचालित अवैध कोयला खदान में फंसे तीन मजदूरों का शव 13 दिनों के बाद माइंस से सोमवार देर रात निकाल लिया गया. यह रेस्क्यू ऑपरेशन प्रशासन की ओर से नहीं बल्कि स्थानीय ग्रामीणों की पहल और एकजुटता का परिणाम है. हादसे के बाद तीन से चार दिनों तक एनडीआरएफ की टीम द्वारा रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया था, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी. इसके बाद ग्रामीणों ने मोर्चा संभालते हुए लगातार 13 दिनों तक खोजबीन जारी रखी।

**130 फीट गहरी खदान में फंसे थे मजदूर :** जानकारी के मुताबिक लगभग 130 फीट नीचे गहराई में फंसे मजदूरों के शव को ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद देर शाम बाद बाहर निकाला. तीनों मृतक मजदूर में प्रमोद साव, उमेश कुमार सिंह और नौशाद आलम शामिल है. घटना के बाद से ही गांव में शोक का माहौल था. केरेडारी थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए तीनों शव को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल भेज दिया है।

**स्थानीय लोगों ने दिया हिम्मत का परिचय :** इस मामले पर स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन ने शुरूआती दिनों तक रेस्क्यू किया और फिर इसे अधूरा छोड़कर भाग गए. ऐसे में ग्रामीणों ने अपने स्तर पर प्रयास कर तीनों शव बाहर निकालकर मानवता और हिम्मत की मिसाल पेश की है. मृतक के परिजनों ने नौकरी और मुआवजा की मांग की है।

**बारिश से बाधित हुआ रेस्क्यू का काम :** पीड़ित परिवार के लोगों ने बताया कि एनटीपीसी और निजी कंपनी की मदद से शव निकाला जा सका है. ग्रामीण पिछले 13 दिनों से माइंस के अंदर प्रवेश कर रहे थे. अंदर मलबा और पानी भरे होने के कारण शव निकाला नहीं जा सका. कंपनी की मदद से पानी निकालने का काम चल रहा था तभी दो दिन बारिश हो गई और फिर से माइंस में पानी भर गया. हालांकि इस बीच देर रात तीनों शवों को निकाल लिया गया।

# राजस्थान इंटेलिजेंस ने जैसलमेर से पाक जासूस को दबोचा



**जैसलमेर :** राजस्थान पुलिस को जैसलमेर से एक बड़ी सफलता मिली है, जहाँ राज्य इंटेलिजेंस ने रोजगार कार्यालय के सहायक प्रशासनिक अधिकारी शकूर खान को जासूसी के गंभीर आरोप में गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई महानिरीक्षक पुलिस, सीआईडी सुरक्षा राजस्थान विष्णु कांत गुप्ता के सीधे निर्देशन में अंजाम दी गई, जिसने देश की सुरक्षा को सेंध लगाने की कोशिश करने वाले एक बड़े नेटवर्क का पदार्फाश किया है।

**देशद्रोह का खेल और क्रकका एजेंट:** मांगलिया की ढाणी, जैसलमेर निवासी शकूर खान की संदिग्ध गतिविधियों पर सुरक्षा एजेंसियां लंबे समय से पैनी नजर रख रही थीं। खुफिया जानकारी से खुलासा हुआ कि शकूर खान पाकिस्तानी दूतावास में कार्यरत अहसान-उर-रहीम उर्फ दानिश और सोहेल कमर जैसे कुख्यात हस्तियों के बेहद करीब था। इतना ही नहीं, यह गद्दार कई बार सीधे पाकिस्तानी दूतावास जाकर उनसे संपर्क साध चुका था, जो अपने आप में ही उसकी मंशा पर सवाल खड़े करता है। जांच में यह भी सामने आया है कि शकूर ने पाकिस्तानी दूतावास में कार्यरत दानिश की मदद से कई बार पाकिस्तान का वीजा प्राप्त कर उस देश की यात्राएं की हैं। पाकिस्तान प्रवास के दौरान इस देशद्रोही ने पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के एजेंटों से भी मुलाकातें कीं। सबसे चौंकाने वाला खुलासा यह है कि शकूर, भारत की सामरिक महत्व की गोपनीय सूचनाएं हैँ३२अस्त्रस्त्र के जरिए अपने पाकिस्तानी आकाओं तक पहुंचा रहा था। यह सीधे तौर पर देश की सुरक्षा से खिलवाड़ और राष्ट्रद्रोह का मामला है।

राजस्थान इंटेलिजेंस ने शासकीय गुप्त बात अधिनियम 1923 के तहत संदिग्ध शकूर खान के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। इस अधिनियम के अंतर्गत आने वाले अपराध बेहद गंभीर प्रकृति के होते हैं, जिसमें दोषी पाए जाने पर कड़ी सजा का प्रावधान है। शकूर खान की गिरफ्तारी न केवल राजस्थान पुलिस की मुस्तैदी को दशार्ती है, बल्कि यह उन सभी तत्वों के लिए एक स्पष्ट संदेश भी है जो देश की संप्रभुता और सुरक्षा को चुनौती देने की कोशिश करते हैं।

यह गिरफ्तारी ऐसे समय में हुई है जब सीमावर्ती क्षेत्रों में खुफिया गतिविधियों को लेकर पहले से ही चिंताएं जताई जा रही हैं। पुलिस अब शकूर खान से गहन पूछताछ कर इस जासूसी नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों और उसकी गतिविधियों के पूरे दायरे का पता लगाने में जुटी है। इस मामले में संलिप्त सभी व्यक्तियों को बख्शा नहीं जाएगा और उनके खिलाफ कठोरतम कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## प्रधानमंत्री मोदी ने जाना असम में बाढ़ का हाल

# सीएम सरमा बोले- पीएम के मार्गदर्शन और समर्थन के लिए आभारी



**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने बाढ़ प्रभावित राज्य को प्रधानमंत्री मोदी की तरफ से मिले आश्वासन पर आभार जताया। उन्होंने कहा कि असम के लोग प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन और अटूट समर्थन के लिए आभारी हैं।

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ₹कुछ समय पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुझे असम में बाढ़ की मौजूदा स्थिति के बारे में जानकारी लेने के लिए फोन किया। मैंने उन्हें बताया कि किस तरह असम और आसपास के राज्यों में लगातार बारिश के कारण बाढ़ आई है और इससे कई लोगों की जान पर असर पड़ा है।

सीएम सरमा ने पीएम मोदी को राहत अभियान के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा, ₹मैंने उन्हें राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे राहत अभियान के बारे में भी बताया। प्रधानमंत्री ने चिंता व्यक्त की और हमारे राहत और पुनर्वास प्रयासों के लिए केंद्र सरकार की ओर से पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया। असम के लोग उनके मार्गदर्शन और अटूट समर्थन के लिए आभारी हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने मंगलवार सुबह असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा, सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग और मणिपुर के राज्यपाल अजय भल्ला से बात की। इस दौरान उन्होंने भारी बारिश और बाढ़ के कारण उत्पन्न हुई स्थिति के बारे में भी जानकारी ली। प्रधानमंत्री ने उन्हें हर संभव मदद और समर्थन का आश्वासन दिया।

इससे पहले, सोमवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा ने पूर्वोत्तर राज्यों के कई हिस्सों में हो रही लगातार भारी बारिश पर गहरी चिंता जताई थी।

नड्डा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, ₹पूर्वोत्तर राज्यों के कुछ हिस्सों में लगातार हो रही भारी बारिश से प्रभावित लोगों के लिए बहुत चिंतित हूं। मैंने भाजपा की राज्य इकाइयों और कार्यकताओं को जारी दिशा-निदेर्शों के अनुसार हर संभव सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया है। मैं प्रभावित क्षेत्रों में सभी से आग्रह करता हूं कि वे आवश्यक सावधानी बरतें, अनावश्यक यात्रा से बचें और स्थानीय अधिकारियों की सलाह का पालन करें।

विभिन्न पूर्वोत्तर राज्यों के अधिकारियों के अनुसार, 29 मई से जारी बारिश और बाढ़ के दौरान हुई 34 मौतों में असम में कम से कम 10 लोग मारे गए, इसके बाद अरुणाचल प्रदेश में नौ, मेघालय और मिजोरम में छह-छह, त्रिपुरा में दो और नागालैंड में एक व्यक्ति की मौत हुई। पूर्वोत्तर राज्यों के आपदा प्रबंधन अधिकारियों ने बताया कि ये मौतें डूबने, भूस्खलन और जलभराव के कारण हुई हैं।

# बोकारो स्टील प्लांट में बड़ा हादसा, हॉट मेटल गिरने से पांच मजदूर झुलसे



**बोकारो:** बोकारो स्टील प्लांट में देर रात एक बड़ा हादसा हुआ है. प्लांट के स्टील मेल्टिंग शॉप 2 में हॉट मेटल गिरने से पांच मजदूर झुलस गए. सभी जख्मी मजदूरों को प्लांट के अस्पताल में ले जाया गया. जहां प्राथमिक इलाज के बाद बोकारो जनरल अस्पताल रेफर कर दिया गया. बोकारो के सीटी डीएसपी आलोक रंजन ने इसकी पुष्टी की है।

मिली जानकारी के अनुसार सभी घायल एक निजी कंपनी के कर्मचारी है. मजदूर रटर-2 में कार्य कर रहे थे कि इसी दौरान हॉट मेटल गिर गया, जिसमें पांच मजदूर इसकी चपेट में आ गए और गंभीर रूप से झुलस गए. फिलहाल सभी मजदूरों का इक्ष्ठ में इलाज चल रहा है. घायलों में समर कुमार, छोटेलाल मांझी, रुपलाल गोराई, नंदकिशोर और आंनद मडंल शामिल है.

एसएमएस-2 में इस दुर्घटना से हड़कंप मच गया. सभी मजदूर हंगामा करने लगे. लोगों का कहना है कि हमेशा ही कुछ न कुछ घटना हो रही है, लेकिन बीएसएल प्रबंधन कुछ नहीं कर रही है। हालांकि घटना के बाद बीएसएल के अधिकारी मौके पर पहुंच गए. लोगो को समझा बुझाकर शांत कराया गया. वहीं, इक्ष्ठ के डॉक्टरों को बेहतर इलाज का निर्देश दिया गया है।

इस मामले को लेकर बोकारो के सीटी डीएसपी आलोक रंजन ने कहा कि यह इंडस्ट्रियल मामला है. लॉ एंड ऑर्डर से जुड़ा हुआ मामला नहीं है. इसलिए इसमें औपचारिक रूप से हम कुछ नहीं कर सकते हैं. लेकिन घटना हुई है इन लोगों का इलाज बोकारो जनरल अस्पताल में चल रहा है. हम लोग नजर बनाए हुए हैं, अगर कोई कानून व्यवस्था का मामला होगा तो पुलिस जरूर इस पर निगरानी रखेगी।



# गुमला में एक बुजुर्ग की जलकर मौत घर में आग लगने से हुआ हादसा

**गुमला:** घर में आग लगने से एक बुजुर्ग की मौत हो गई. घटना सदर थाना क्षेत्र के घाटो बगीचा की है, जहां सोमवार रात आग लगने से घर जलकर राख हो गया. वहीं हादसे में बुजुर्ग की जलकर मौत हो गई. मृतक की पहचान 65 वर्षीय सतनारायण विश्वकर्मा के रूप में हुई है।

**देर रात लगी घर में आग :** घटना के विषय में जानकारी देते हुए अजीत कुमार ने बताया कि रात करीब 2 बजे आग लगने की जानकारी मिली. जिसके बाद आग को बुझाने के लिए अफरा तफरी मच गई. पड़ोसियों ने कड़ी मशक्कत से आग को बुझाया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी. दरसअल आग लगने से घर का सामान जलने के साथ ही बुजुर्ग शख्स भी इसकी चपेट में आ गया था. जिससे उनकी मौत हो गई।

**घर में अकेले रहते थे बुजुर्ग :** हालांकि किन कारणों से आग लगी इसका खुलासा नहीं हो पाया है लेकिन आशंका जताई जा रही है कि बुजुर्ग लकड़ी के चूल्हे पर खाना बनाते थे. संभवत उसी की वजह से आग लगी होगी। एक अन्य पड़ोसी रामबली मिस्त्री ने बताया कि बुजुर्ग के आगे पीछे कोई नहीं था. वह अकेले ही घर में रहते थे. घटना की सूचना पुलिस को दी गई है।

## आतंकवाद के खिलाफ भारत को मिला ब्रिटिश नेताओं का समर्थन

# दोनों देशों के बीच सहयोग को मजबूत करने पर हुई चर्चा



**लंदन :** भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने लंदन में ब्रिटिश सरकार के मंत्रियों, सांसदों, पार्टी नेताओं, थिंक टैंक्स और भारत मैत्री समूहों के साथ उच्च-स्तरीय बैठकें कीं। इनमें ह्यऑपरेशन सिंदूरङ्घ और भारत की आतंकवाद-विरोधी रणनीति में महत्वपूर्ण बदलाव के बारे में जानकारी दी गई। प्रतिनिधिमंडल ने सीमा-पार आतंकवाद के खिलाफ भारत-ब्रिटेन सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा की और वैश्विक सुरक्षा, न्याय और रणनीतिक साझेदारी के लिए साझा प्रतिबद्धता को दोहराया।

ब्रिटिश संसद में यूके की नागरिकता और आव्रजन मंत्री सीमा मल्होत्रा के साथ बातचीत में प्रतिनिधिमंडल ने आतंकवाद के खिलाफ भारत के दृढ़ संकल्प को रेखांकित किया।

प्रतिनिधिमंडल ने लेबर पार्टी के भारत-मैत्री समूहों, जैसे लेबर फ्रेंड्स ऑफ इंडिया, लेबर कन्वेंशन ऑफ इंडियन ऑर्गेनाईजेशंस, सिख फॉर लेबर और हिंदू फॉर लेबर से मुलाकात कर आतंकवाद के खिलाफ भारत के एकजुट रुख को रखा।

उन्होंने आतंकवाद से निपटने के लिए भारत की प्रतिबद्धता दोहराई और इसे वैश्विक स्थिरता के लिए खतरा बताया। साथ ही उन्होंने स्थायी शांति, सुरक्षा और मानवता के लिए मजबूत सहयोग की आवश्यकता पर जोर दिया।

लेबर इंडिया फ्रेंडशिप ग्रुप्स ने भारत के साथ एकजुटता व्यक्त की और आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई का समर्थन किया। उन्होंने सहमति जताई कि आतंकी ढांचे को नष्ट करना और आतंकवाद के वित्तपोषण को रोकना जरूरी है, क्योंकि भारत को प्रभावित करने वाली समस्या अन्य देशों, जैसे यूके को भी प्रभावित कर सकती है।

दोनों पक्षों ने आपसी समझ बढ़ाने के लिए निरंतर संवाद और लेबर पार्टी तथा भारत के बीच सहयोग को मजबूत करने की प्रतिबद्धता जताई।

कंजर्वेटिव कैंपेन मुख्यालय में प्रतिनिधिमंडल ने कंजर्वेटिव पार्टी के सह-अध्यक्ष डोमिनिक जॉनसन और कंजर्वेटिव फ्रेंड्स ऑफ इंडिया के सह-अध्यक्ष कुलेश शाह के साथ चर्चा की। उन्होंने भारत की आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई का समर्थन किया, इसके वैश्विक प्रभाव को स्वीकार किया और यूके में भारतीय डायस्पोरा के योगदान की सराहना की।

इससे पहले, सोमवार को प्रतिनिधिमंडल ने यूके के थिंक टैंक के साथ सीमा-पार आतंकवाद और ह्यऑपरेशन सिंदूरङ्घ के भारत की रणनीति में नए मानक स्थापित करने पर चर्चा की। इससे पहले सोमवार को प्रतिनिधिमंडल ने यूके के थिंक टैंक के साथ सीमा-पार आतंकवाद के खतरे पर चर्चा की और बताया गया कि कैसे ह्यऑपरेशन सिंदूरङ्घ भारत की आतंक के खिलाफ लड़ाई में एक नया रणनीतिक मानक स्थापित करता है।

भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, आज सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के सहयोगियों के साथ, मुझे यूके के थिंक टैंक्स और शैक्षणिक समुदाय के साथ बातचीत का अवसर मिला। हमने आतंकवाद के प्रति भारत के जीरो टॉलरेंस रुख को साझा किया और राज्य-प्रायोजित आतंकवाद का मुकाबला करने में भारत द्वारा स्थापित 'नए सामान्य' को उजागर किया। प्रमुख थिंक टैंक्स के साथ हमारी बातचीत सार्थक रही, और हमने अपनी चिंताओं को व्यक्त करते हुए अपनी यात्रा का उद्देश्य बताया।

उन्होंने आगे लिखा, ₹हमने पाकिस्तान से निपटने में भारत की क्षमता पर जोर दिया। हम शांति और सौहार्द में विश्वास करते हैं, लेकिन अपने नागरिकों को आतंकवाद से बचाने के लिए निर्णायक कदम उठाने की जरूरत को भी समझते हैं। दुनिया को आतंकवाद की समस्या को समझना होगा। हमने भारत की आर्थिक उपलब्धियों, वैश्विक स्तर पर विनिर्माण केंद्र के रूप में उभरने और एक संप्रभु राष्ट्र के रूप में विकास पथ पर अग्रसर होने की बात भी रेखांकित की। हमारा मानना है कि आतंकवाद और व्यापार साथ-साथ नहीं चल सकते।

इस नौ सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि शामिल हैं, जिनमें रविशंकर प्रसाद (भाजपा), दग्गुबाती पुरंदेश्वरी (भाजपा), प्रियंका चतुर्वेदी (शिव सेना-यूबीटी), गुलाम अली खटाना (भाजपा), अमर सिंह (कांग्रेस), समिक भट्टाचार्य (भाजपा), एम. थंबीदुराई (एआईएडीएमके), पूर्व केंद्रीय मंत्री एम.जे. अकबर और पूर्व राजदूत पंकज सरन हैं।

फ्रांस, इटली और डेनमार्क की यात्रा के बाद यह भारतीय प्रतिनिधिमंडल ऑपरेशन सिंदूर के महत्व और भारत की वैश्विक कूटनीतिक पहल को उजागर करने के लिए लंदन पहुंचा है।

## न्यूज ब्रीफ

### परता में लगाया गया खुरहा-चेचक का टीका

**हैदरनगर :** पशुपालन विभाग की हैदरनगर इकाई ने पशुओं को खुरहा और चेचक बीमारी जैसी संक्रामक बीमारियों से बचाने के लिए टीकाकरण अभियान शुरू किया है। अभिशन में शामिल टीका कर्मी सह केन्द्र प्रभारी संतोष कुमार शर्मा एवं कृत्रिम गभार्धान तकनीशियन अनुज कुमार सिंह ने बताया कि पशु पालकों के हित में यह कार्यक्रम 18 जुलाई तक चलेगा। इसमें गर्भवती व बीमार को छोड़ अन्य सभी स्वस्थ पशुओं को टीका दिया जायेगा। एलएसडी का टीका भैंसों को छोड़ अन्य सभी पशुओं को लगाया जा रहा है। टीका कर्मियों के सहयोग में भ्रमण कर रहे पंचायत समिति सदस्य गुप्तेश्वर पांडेय ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य पशुओं को रोगमुक्त और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करना है।

### सोलर प्लेट चोरी मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**मेदिनीनगर/पांकी :** पलामू जिले के पांकी थाना क्षेत्र के डंडार कला निवासी संतोष कुमार के खेत से सोलर प्लेट चोरी करने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। तीनों की पहचान पांकी थाना क्षेत्र के निमाचक गांव निवासी विकास कुमार, दीपक कुमार एवं चतरा जिला लावालोंग थाना क्षेत्र के सेहदा गांव निवासी चंदन कुमार के रूप में की गई है। तीनों की निशानदेही पर लोहारसी स्थित इलेक्ट्रिक दुकान से सोलर प्लेट बरामद कर लिया गया है। पांकी थाना प्रभारी राजेश रंजन ने बताया कि पांकी थाना क्षेत्र के डंडार कला निवासी संतोष कुमार के खेत से सोलर प्लेट की चोरी हुई थी इस संबंध में संतोष कुमार ने 29 मई को पांकी थाना में आवेदन देते हुए मामला दर्ज कराया था। पलामू की एसपी के आदेशानुसार लेस्लीगंज के एसडीपीओ के निदेर्शानुसार इंस्पेक्टर के नेतृत्व में टीम गठित कर अनुसंधान प्रारंभ किमा गया।

### सिल्ली ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ने टूटे नहर का किया निरीक्षण



**मुरी :** सिल्ली ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कार्तिक चन्द्र महतो ने उरांव गाड़ा नदी से निकले लोटा किता नहर का निरीक्षण किया, और बताया कि नहर कई जगह से टूटा हुआ है, एवं जगह जगह पर मिट्टी भरा हुआ है, पूरे नहर में घास और झाड़ियाँ है। इस नहर से लोटा, धुंधाजरा, किता, चपाटांड़, हेरलाबेड़ा, गारापार, मोदीडीह, सुरगुंजाडीह, केंदुवाडीह, खेदाडीह, धधकीडीह, बड़कीटांड, पूरबकुल्ही इत्यादि गांवों की खेती नहर टूटने से बाधित होगी। नहर की स्थिति बहुत खराब है। नहर निरीक्षण के मौके पर सिल्ली पश्चिमी मंडल अध्यक्ष गुहिराम महतो, मलिन महतो, रूपेश चंद्र महतो ग्रामीण उपस्थित थे।

### 13 दो पहिया वाहनों को किया गया जब्त

**मेदिनीनगर :** यातायात प्रभारी समाल अहमद के नेतृत्व में सोमवार को छहमुहान के समीप वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस क्रम में 13 दो पहिया वाहन को जब्त करते हुए शहर थाना परिसर में पार्क कर दिया गया है। यातायात प्रभारी ने बताया कि बिना हेलमेट, बिना लाइसेंस एवं ट्रिपल लोड वाहन चलाने के मामले में गाड़ी जब्त किया गया है। सभी गाड़ी का चालान काटकर जिला परिवहन कार्यालय भेज दिया गया है। 2 जून को जिला परिवहन कार्यालय से 12 दोपहिया मोटरसाइकिल गाड़ी के मालिक से बतौर जुमाना 14 हजार 450 रुपये वसूल किया गया।

### मनरेगा में ऑडिट में पकड़ाई गड़बड़ी, कर्मियों पर लगा जुमाना

**बरवाडीह :** बरवाडीह में वित्तीय वर्ष 2024 -25 की मनरेगा योजनाओं की हुई सोशल ऑडिट में भारी गड़बड़ी पकड़ाई है। उस ऑडिट की सोमवार को हुई पंचायत स्तरीय जनसुनवाई में ऑडिटर टीम ने मनरेगा योजनाओं की रिपोर्ट प्रस्तुत की। इसमे ज्यूरी सदस्यों के द्वारा कई कर्मियो पर इसके लिए जुमार्ना लगाया है। खुरा पंचायत सचिवालय में मनरेगा योजनाओं की ऑडिट की पंचायत स्तरीय जनसुनवाई हुई। ऑडिटर टीम ने 21 विभिन्न योजना के ग्राम सभा की छाया प्रति अभिलेख में नही संलग्न करने की रिपोर्ट पेश की। ज्यूरी सदस्य उपप्रमुख बिरेन्द्र जायसवाल, अवधेश मेहरा आदि सदस्यों ने सम्बंधित कर्मियों को दोषी पाते हुए प्रति योजना सौ -सौ रुपये जुमार्ना लगाया ।

वहीं 31 योजना स्थल पर योजना बोर्ड नही लगाने पर कर्मियों पर प्रति योजना 15 -15 रुपये अर्थदंड लगाया गया और तीन दिनों के अंदर सभी योजना स्थलों पर बोर्ड लगाने का निर्देश दिया गया। 27 योजना के अभिलेख में कार्य मांग आवेदन नही होने पर भी प्रति योजना सौ -सौ रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। छह योजना के अभिलेख में जेई एई का हस्ताक्षर नहीं रहने की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई । प्रति योजना दो -दो सौ रुपये का जुमार्ना लगाया गया। वहीं बरवाडीह पंचायत सचिवालय में हुई जनसुनवाई में आठ योजना अभिलेख में एक लाख 25512 रुपये का मजदूरी भुगतान सम्बन्धित एमआर नहीं रहने की बात सामने आई। ज्यूरी ने कर्मियो को एक सप्ताह के अंदर भुगतान सम्बन्धित साक्ष्य प्रस्तुत करने का आदेश दिया है। लखन सिंह के मनरेगा के तहत मेड़बन्दी कार्य मे 24030 के भुगतान के एमबी बुक में जेई का हस्ताक्षर नही रहने की रिपोर्ट ऑडिटर ने प्रस्तुत की। ज्यूरी ने जेई और सम्बन्धित कर्मियों पर इसके लिए जुमार्ना लगाया है। 13 योजना में मेठ का मजदूरी भुगतान नही दिखाने और 35 योजना स्थल पर योजना बोर्ड नही लगाने की बात भी सामने आई। अन्य कई योजनाओं में भी गड़बड़ी पाए जाने की रिपोर्ट पर ज्यूरी ने सम्बन्धित कर्मियों पर जुमार्ना लगाया है। बेतला में दोषियों से 76752 रु का जुमार्ना मनरेगा संचालित योजनाओं का किए सामाजिक अंकेक्षण की सोमवार को पंचायत स्तरीय जनसुनवाई हुई। इसमें सोशल ऑडिट यूनिट ने योजनाओं के क्रियान्वयन में बरती गई कई तरह की अनियमितताओं को ज्यूरी के समक्ष रखा। जिसमें ज्यूरी के मेंबरों ने गड़बड़ियों के अनुसार विभिन्न मामलों में दोषियों से एक पखवाड़ा के भीतर जुमार्ना राशि जमा करने का निर्देश दिया। वहीं कुछ योजनाओं में कार्य से अधिक राशि की निकासी मामले में रिकवरी करने का आदेश दिया। इसबारे में पोखरीकला पंचायत की मुखिया नीतू देबी ने सभी 20 मुद्दे पर की गई जनसुनवाई में ज्यूरी द्वारा कुल 6752 रु,केचकी के रोजगार सेवक कमलेश सिंह ने 33 मुद्दे पर कुल 20 हजार रु और बेतला मुखिया मंजू देबी कुल 50 हजार रु बतौर जुमार्ना राशि सुनाए जाने की जानकारी दी।

# 4 जून को झारखंड बंद का ऐलान

संवाददाता




**रांचीः** आदिवासी संगठनों ने 4 जून को झारखंड बंद का आह्वान किया है. यह बंद आदिवासी बचाओं मोर्चा के बैनर तले बुलाया गया है. रांची के डोरंडा-सिरमटोली फ्लाईओवर रैंप विवाद, आदिवासियों के धार्मिक स्थल मरांग बुरू, पारसनाथ हिल्स गिरिडीह, लुगु बुरू, मुधर हिल्स पिठोरिया, दिउरी दिरी तमाड़ और बेड़ो महदानी सरना स्थल को बचाने समेत कई मांगों को लेकर विभिन्न आदिवासी संगठनों ने संयुक्त मोर्चा बनाकर झारखंड बंद का ऐलान किया है।

आज रांची में आदिवासी बचाओ मोर्चा की बैठक में राज्य की हेमंत सोरेन सरकार को आदिवासी और मूलवासी विरोधी करार दिया गया और इस सरकार को सत्ता से बेदखल करने तक संघर्ष जारी रखने का ऐलान किया गया. आदिवासी बचाओ मोर्चा के संयोजक प्रेमशाही मुंडा ने 04 जून के झारखंड बंद को सफल बनाने के लिए राज्य के सभी सामाजिक, धार्मिक और आदिवासी-स्वदेशी संगठनों से सहयोग की अपील की.

राज्य की पूर्व शिक्षा मंत्री गीता श्री उरांव ने कहा कि हमारे पूर्वज बाबा कार्तिक उरांव, डॉ राम दयाल मुंडा, कड़िया मुंडा आदि ने 1969 में रांची के केंद्रीय सरना स्थल सिरमटोली से ऐतिहासिक सरहुल शोभा यात्रा की शुरूआत की थी। आज उन्हीं की देन है कि हमारा केंद्रीय सरना स्थल सिरमटोली पूरे विश्व में पूजा स्थल के रूप में जाना जाता है. आदिवासी संगठनों द्वारा सिरमटोली, सरना स्थल पर फ्लाईओवर के निर्माण का आदिवासी समाज लगातार विरोध कर रहा है, लेकिन अबुआ सरकार होने का दावा करने वाली हेमंत सरकार तानाशाही पर उतर आई है. हमने ऐतिहासिक रूप से रांची बंद किया, कई बार इस मुद्दे पर विधानसभा में आवाज उठाई गई, विरोध प्रदर्शन किए गए, लेकिन लोकप्रिय से तानाशाह बन चुकी सरकार राज्य के आदिवासियों के धार्मिक स्थलों के साथ खिलवाड़ कर रही है, जिसका पुरजोर विरोध किया जाएगा.

उन्होंने कहा कि हम न तो रुकेंगे और न ही दमन के आगे झुकेंगे. जब तक इस आदिवासी विरोधी सरकार को सत्ता से बाहर नहीं कर दिया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा. उन्होंने कहा कि आज मुद्दा सिर्फ सिरमटोली सरना स्थल के रैंप का नहीं है, बल्कि अलग राज्य बने 24 साल हो गए, बावजूद इसके सरकार मरांग बुरु, पारसनाथ पहाड़ गिरिडीह, लुगु बुरु, मुड़हर पहाड़ पिठोरिया, दिउरी दिरी तमाड़ और बेड़ो महादानी सरना स्थल जैसे आदिवासी धार्मिक स्थलों को बचाने के लिए कुछ नहीं कर रही है. सिर्फ धार्मिक स्थल ही नहीं, आदिवासियों के धार्मिक और पारंपरिक जमीन की लूट हमारे संवैधानिक अधिकार, पेसा कानून, आदिवासी धार्मिक न्यास बोर्ड, आदिवासियों की धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान के लिए धर्म कोड, स्थानीय नियोजन नीति, लैंड बैंक रद्द करने की मांग, आदिवासी विश्वविद्यालय, भाषा-संस्कृति की सुरक्षा, खेल-कला, कांके नगड़ी में कृषि योग्य जमीन भी विकास के नाम पर छीनी जा रही है।

उन्होंने कहा कि हद तो यह हो गई है कि सरकार आदिवासी परामर्शदात्री समिति में बैठक कर ग्रामीण स्तर पर शराब बिक्री को बढ़ावा देकर सिर्फ आदिवासियों को ही नहीं, बल्कि झारखंड के लोगों को भी पूरी तरह से बर्बाद करने की योजना बना चुकी है. इन सभी जन मुद्दों को लेकर आदिवासी बचाओ मोर्चा समेत विभिन्न आदिवासी संगठनों के तत्वावधान में 04 जून को झारखंड बंद का आह्वान किया गया है और यह बंद ऐतिहासिक होगा. सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक हर चौक-चौराहा और सड़क का हर इंच बंद रहेगा,

## खूंटी में कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली प्रदेश अध्यक्ष ने बीजेपी पर साधा निशाना

संवाददाता



**खूंटीः** जिले में सोमवार को कांग्रेसियों ने संविधान बचाओ रैली निकाली. रैली खूंटी के डाकबंगला से प्रारंभ होकर नेताजी चौक, मेन रोड, भगत सिंह चौक और खूंटी चाईबासा सड़क मार्ग होते हुए जिला कांग्रेस कार्यालय पहुंची. इस दौरान कांग्रेसियों ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस, भगत सिंह, जयपाल सिंह मुंडा और भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया. रैली में कांग्रेसियों ने स्वतंत्रता सेनानियों के नाम के नारे लगाए.

रैली के दौरान कांग्रेस नेता नईमुद्दीन खान ने कहा कि भाजपा सरकार लगातार संविधान के विरुद्ध कार्य करती रही है. उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने विगत चुनाव में नारा दिया था चार सौ पार. चार सौ पार नारा देने का मतलब संविधान बदलना था।

कांग्रेस नेता ने कहा कि इंदिरा गांधी के कार्यकाल में कांग्रेस फासिस्ट ताकतों से सावधान रहने की अपील करती थी. उन्होंने कहा भारत धर्म निरपेक्ष देश है. यहां सभी जाति धर्म के लोग निवास करते हैं, देश संविधान के अनुसार चलता है।

खूंटी सांसद कालीचरण मुंडा ने कहा कि रैली के माध्यम से कांग्रेसियों ने संविधान बचाने का आह्वान किया है. उन्होंने कहा कि भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की सदस्यता समाप्त करने का फैसला लिया. इसी तरह कई असंवैधानिक कार्य करते रहे हैं.

**भाजपा संविधान निमार्ताओं का अपमान करती हैः** प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने देश के संविधान को श्रेष्ठ और महानतम बताया. उन्होंने कहा कि संविधान में हमारी भाषा परंपरा को समेट कर रखा गया है. सभी धर्मों का सम्मान किया गया है. उन्होंने कहा कि देश की स्वतंत्र निकायों को भी अपने तरीके से केंद्र सरकार चलाने का प्रयास कर रही है. उन्होंने कहा कि संविधान निमार्ताओं का सम्मान किया जाना चाहिए. लेकिन भाजपा सरकार संविधान बदलने की बात कर संविधान निमार्ताओं का अपमान कर रही है.

संविधान बचाओ रैली का नेतृत्व कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री बंधु तिर्की, कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, खूंटी सांसद कालीचरण मुंडा, जिला संगठन प्रभारी योगेंद्र साव, कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोनगाड़ी, जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा, दयामनी बारला, महिला अध्यक्ष सुनीता गोप, सहकारिता जिला कांग्रेस के महासचिव नईमुद्दीन खान समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस के नेता कार्यकर्त्ता शामिल थे।

### पलामू के सेवानिवृत 10 शिक्षकों को उपायुक्त ने दी विदाई

**मेदिनीनगर :** समाहरणालय सभागार में सोमवार को पेंशन अदालत सह सेवानिवृत शिक्षकों के लिए विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। उपायुक्त समीरा एस की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में जिले के 10 सेवानिवृत्त शिक्षकों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। साथ ही सेवानिवृत्ति के दिन ही सभी 10 सेवानिवृत शिक्षकों को उनके रिटायरमेंट से जुड़े सभी लाभ प्रदान किया गया। उपायुक्त ने सेवानिवृत शिक्षकों में रामनारायण राम, राम अश्रेय राम, कमली कुमारी, श्यामदेव महतो, गोरखनाथ पांडेय, आशारानी शुक्ला, सदरुदीन खां, रश्मि माला, निशा गुप्ता एवं रामचंद्र राम को सम्मानित किया। उपायुक्त ने सभी शिक्षकों को सेवानिवृत्ति की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह जीवन का नया चरण है। जिसे सेवा और अनुभव से और भी मूल्यवान बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि एक शिक्षक कभी सेवानिवृत नहीं होते हैं। सभी सेवानिवृत शिक्षकों को उनके आगामी जीवन के लिए शुभकामनाएं प्रेषित देते हुए उपायुक्त ने विदाई दी। जिला शिक्षा अधीक्षक संदीप कुमार भी मौके पर उपस्थित थे।

### रांची में अपराध नियंत्रण को लेकर हाई लेवल मीटिंग, आईजी बोल

## पुलिस व्यवस्था को बेहतर बनाने में यह बड़ा कदम साबित होगा



**रांचीः** राजधानी में बढ़ते अपराध पर लगाम लगाने के लिए सोमवार को एक अहम बैठक बुलाई गई. आईजी मनोज कौशिक की अध्यक्षता में हुई इस मीटिंग में रांची एसएसपी, सभी एसपी और डीएसपी शामिल हुए. बैठक में कई बड़े फैसले लिए गए।

दरअसल, रांची में अपराध पर नियंत्रण को लेकर पुलिस महकमा पूरी तरह एक्शन मोड में नजर आया. आईजी की अध्यक्षता में आयोजित इस हाई लेवल मीटिंग में रांची एसएसपी के साथ-साथ सभी एसपी और डीएसपी मौजूद रहे. बैठक में आम अपराध के साथ-साथ ऑर्गेनाइज्ड क्राइम पर भी कड़ा रुख अपनाने की बात कही गई।

वहीं, नारकोटिक्स से जुड़े मामलों पर विशेष फोकस रहा. साथ ही महिलाओं और बच्चों के खिलाफ होने वाले अपराधों पर तुरंत और सख्त कार्रवाई के निर्देश जारी किए गए. ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर भी आईजी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए ताकि आम जनता को राहत मिल सके. साथ ही सिटीजन फ्रेंडली पुलिसिंग को प्राथमिकता देने की बात भी सामने आई.

आईजी मनोज कौशिक ने साफ कहा कि पुलिस और आम जनता के बीच भरोसे को मजबूत करना वक्त की जरूरत है. उन्होंने कहा कि यह बैठक ना सिर्फ अपराध नियंत्रण को लेकर एक ठोस पहल है, बल्कि आने वाले समय में रांची की पुलिस व्यवस्था को और बेहतर बनाने की दिशा में भी एक बड़ा कदम साबित हो सकता है।

## रांची में टीएसपीसी उग्रवादी संगठन के दो सदस्य गिरफ्तार, हथियार और गोली बरामद



**रांचीः** पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है. प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीएसपीसी के दो सक्रिय सदस्यों को रांची पुलिस ने हथियार और गोली के साथ गिरफ्तार किया है. दोनों की गिरफ्तारी बुढ़मू और बड़कागांव थाना क्षेत्र की सीमा से हुई है. गिरफ्तारी में मुख्य आरोपी सुमित लहरी, जो पहले भी उग्रवादी गतिविधियों में जेल जा चुका था, वो भी शामिल है। मामले की जानकारी देते हुए रांची एसएसपी चंदन सिन्हा ने बताया कि बुढ़मू और बड़कागांव थाना सीमा पर बिंजा ग्राम से घायल अवस्था में सुमित लहरी को गिरफ्तार किया गया है. इसके साथ ही एसएसपी ने कहा कि गिरफ्तार आरोपी की निशानदेही पर उसके साथी मनु सिंह उर्फ अभिमन्यु को भी गिरफ्तार किया गया है. मौके से मनु के पास से एक पिस्टल, दो जिंदा कारतूस और एक चिड़िया मारने वाला हथियार भी बरामद किया गया है.

**एरिया कमांडर बनने के लिए देता था वारदातों को अंजाम** :एसएसपी ने बताया कि गिरफ्तार सुमित लहरी वर्ष 2024 में भी जेल जा चुका था. लेकिन जेल से छूटने के बाद उसने टीएसपीसी के एरिया कमांडर दिवाकर गंझू के साथ मिलकर फिर से उग्रवादी गतिविधियां शुरू कर दी. एसएसपी ने बताया कि दिवाकर गंझू की गिरफ्तारी के बाद सुमित खुद एरिया कमांडर बनने की कोशिश कर रहा था. जिसको लेकर वो लगातार कई वारदातों को अंजाम दे रहा था। एसएसपी ने बताया कि सुमित लहरी की गिरफ्तारी से संगठन को बड़ा झटका लगा है. उन्होंने कहा कि पिछले सप्ताह भी इसी दस्ते के कमांडर दिवाकर गंझू को अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार किया गया था. फिलहाल पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है. एसएसपी ने बतााया कि गिरफ्तार टीएसपीसी के सदस्यों से संगठन की अन्य गतिविधियों की जानकारी जुटाई जा रही है. उन्होंने कहा कि आगे भी ऐसे तत्वों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी(

**सामूहिक दुष्कर्म के मामले में दो आरोपी गिफ्तार :** वहीं रातू थाना क्षेत्र में नाबालिग के अपहरण और सामूहिक दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. गिरफ्तार आरोपी में विनय कुमार साव और बसंत कुमार साव शामिल हैं. दोनों पर नाबालिग को अगवा कर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म करने का आरोप है। घटना को लेकर बताया जा रहा है कि पीड़िता ऑटो से रेलवे स्टेशन जाने के लिए निकली थी. लेकिन ड्राइवर ने उसे स्टेशन छोड़ने के बजाय सुनसान इलाके की ओर मोड़ दिया. ऑटो में सवार आरोपियों ने उसे जंगल की ओर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया है।

### मेदिनीनगर से दो नाबालिग लड़की गायब, पुलिस को दी गई जानकारी

**मेदिनीनगर :** शहर थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग मोहल्ले से दो नाबालिग गायब हो गई है। परिजनों ने शहर थाना में आवेदन देते हुए खोजबीन करने की गुहार लगाई है। शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने बताया कि आवेदन के आलोक में खोजबीन शुरू कर दी गई है। आवेदन के अनुसार 30 मई को ट्यूशन पढ़ने के लिए शहर थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले से एक नाबालिग गायब हो गई थी। परंतु देर शाम तक नहीं लौटने पर नाबालिग के परिजनों ने दूसरे मोहल्ले में रहने वाली उसकी दोस्त नाबालिग से संपर्क करना चाहे तो दूसरे मोहल्ले में रहने वाली नाबालिग के परिजनों ने बताया गया कि वह भी घर से गायब हो गई है।

# सस्टेनेबल करप्शन फ्री विकास की जरूरत : मंत्री राधाकृष्ण किशोर

संवाददाता




**रांचीः** विकसित झारखंड बनाने को लेकर चल रहे सतत प्रयास पर योजना एवं विकास विभाग के द्वारा राज्यस्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया. इस कार्यशाला को राज्य के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर, मुख्य सचिव अलका तिवारी,यूएनडीपी के प्रतिनिधि एंजला लुसिगी, नीति आयोग के सलाहकार सहित कई वक्ताओं ने संबोधित किया.

इस मौके पर मुख्य सचिव अलका तिवारी ने संबोधित करते हुए कहा कि सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स के लक्ष्य को पूरा करने के प्रति झारखंड संकल्पित है. हालांकि वर्तमान डेटा अन्य राज्यों की तुलना में अच्छी नहीं है मगर हमारे पास अभी पांच वर्ष हैं जिसमें बेहतर कर सकते हैं.

उन्होंने कहा कि अभी मल्टिपल पोर्टल काम कर रहे हैं. इसमें एक दूसरे को लिंक करने की आवश्यकता है, जिससे इसे मॉनटरिंग की जा सकेगी. उन्होंने कहा कि इस लक्ष्य को पाने के लिए ग्राम पंचायत को सशक्त करना होगा हालांकि झारखंड के लिए सुखद बात यह है कि देश में सर्वाधिक निर्वाचित महिला प्रतिनिधि झारखंड में है. जिसकी सराहना पिछले दिनों हुई बैठक में वित्त आयोग ने भी किया है.

इस अवसर पर योजना एवं विकास विभाग के सचिव मुकेश कुमार ने कहा कि हमारा राज्य हरित प्रदेश हैं ऐसे में वन क्षेत्र बढ़ाने की आवश्यकता है और इसके माध्यम से विकास का मार्ग कैसे तलाशें इसपर चर्चा हुई है. उन्होंने कहा कि विकसित झारखंड की संकल्पना बगैर गांव को विकसित किए नहीं हो सकता यही सोच हमारे मुख्यमंत्री की है और यही बातें पिछले दिनों प्रधानमंत्री की बैठक में सीएम ने कही है. 2047 तक विकसित झारखंड बनाने के लिए इस तरह का पहली पहल की गई है ताकि हम अपने लक्ष्य को पा सकें.

विकसित झारखंड बनाने के लिए चल रहे सतत प्रयास पर चर्चा के बीच वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने राज्य में अवैध कोयला ढुलाई पर सवाल खड़ा किया. उन्होंने कहा कि हमारी बातें कटु नहीं लगनी चाहिए मगर वास्तविकता यह है कि एक तरफ हम सस्टेनेबल की बात कर रहे हैं. वहीं दूसरी ओर हमारे रिसोर्स की तस्करी हो रही है.

उन्होंने कहा कि बड़े पैमाने पर कोयले की तस्करी हो रही है तो हमारा रिसोर्स तो खत्म हो रहा है. इसी तरह बालू की तस्करी हो रही है जो हमारे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार कभी बर्दाश्त नहीं करेगा. उन्होंने कहा कि इसमें नाराजगी की कोई बात नहीं है बल्कि जब कभी भी इस तरह की संगोष्ठी होती है तो यदि खुलकर बातें नहीं होगी तो कैसे राज्य का विकास होगा.

उन्होंने पॉलिटिकल और प्रशासनिक सिस्टम को आपस में मिलकर काम करने की आवश्यकता बताते हुए राज्य का विकास करने का आह्वान किया. उन्होंने अधिकारियों को नसीहत देते हुए कहा कि जल संरक्षण, मनरेगा बालू की हालत राज्य में ठीक नहीं है. जल संरक्षण फिलहाल चुनौती बनी हुई है ऐसे में अधिकारियों को इसपर काम करने की आवश्यकता है.

न्यूज IN ब्रीफ

## जिला अवर निबंधक गए छुट्टी पर एसडीओ सिमरिया ने जिला अवर निबंधक का किया अतिरिक्त प्रभार ग्रहण



**चतरा :** उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी के द्वारा सन्नी राज अनुमंडल पदाधिकारी, सिमरिया को चतरा जिला अवर निबंधक पदाधिकारी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। सन्नी राज ने सोमवार को जिला अवर निबंधन कार्यालय में प्रभार ग्रहण कर लिया। ज्ञात हो कि शंकर मुण्डा, जिला अवर निबंधक अपने ईलाज हेतु 14 जून तक अवकाश पर है। कार्यहित एवं प्रशासनिक दृष्टिकोण से उनके वापस लौटने तक उनके जिम्मे का प्रभा प्रतिनियुक्त पदाधिकारी जिला अवर निबंधक, चतरा सन्नी राज, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया आवंटित कार्यालय के लिए संबंधित पदाधिकारी को झारखंड कोषागार संहिता-2016 के नियम-87 के तहत निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी की शक्ति प्रदत की गई है।

## इंटर साइंस की परीक्षा में आरडीएस कॉलेज का उत्कृष्ट प्रदर्शन ,424 अंक लाकर अमन बना कॉलेज टॉपर



**चतरा :** जैक बोर्ड ने इंटर साइंस का रिजल्ट जारी कर दिया है। जिसमें आरडीएस कॉलेज ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। कॉलेज के अमन कुमार 424 अंक लाकर कॉलेज का टॉपर बना है। वहीं प्रिंस कुमार 420 अंक लाकर दूसरे स्थान पर, संतीश कुमार 415 अंक लाकर तीसरे, नीरज कुमार 406 अंक लाकर 4 थे स्थान पर, आलिया परवीन, प्रशांत कुमार तथा सानिया प्रवीण 404 अंक लाकर संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर रही। अंकित कुमार यादव 401 अंक लाकर 6 ठे स्थान पर, पंकज कुमार और वर्षा कुमारी 396 अंक लाकर संयुक्त रूप से सातवें स्थान पर रहे। गौरव साहू और आशिका सिंह 395 अंक लाकर संयुक्त रूप से आठवें स्थान पर रहे। संजीत यादव 391 अंक के साथ नवें स्थान पर तथा पवन कुमार यादव और दीपक कुमार 390 अंक लाकर संयुक्त रूप से दसवें स्थान पर रहे। छात्रो के इस सफलता के लिए कॉलेज प्रबंधन समिति ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।

## बकरीद को लेकर सदर थाना में शांति समिति की हुई बैठक, दिए कई निर्देश

**चतरा :** बकरीद पर्व को लेकर सोमवार को सदर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी विपिन कुमार ने की। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी हरिनाथ महतो, अंचलाधिकारी अनिल कुमार के साथ साथ शांति समिति के काफी संख्या में सदस्य उपस्थित थे। बैठक में बकरीद का त्यौहार आपसी भाईचारा और सौहार्द पूर्ण वातावरण में मनाने का निर्णय लिया गया। थाना प्रभारी ने लोगों से बकरीद त्योहार शांतिपूर्वक वातावरण के साथ मनाने की अपील किया। उन्होंने लोगों से कहा कि चतरा के लोग आपसी भाईचारे की लिए जाने जाते हैं। इसे बनाए रखना है। शांति व सौहार्द पूर्ण वातावरण में कोई भी पर्व त्योहार मनाने से खुशियां दुगनी हो जाती है। पर्व त्यौहार के दौरान बहुत तरह के अफवाह फैलाई जाती हैं। लोगों को अफवाह पर ध्यान देने की जरूरत नहीं है। यदि किसी भी व्यक्ति को कहीं भी किसी तरह की अप्रीय घटना की सूचना प्राप्त होती है तो वह तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दें। पुलिस प्रशासन हर तरह के समस्याओं से निपटने में सक्षम है।

## लेपो विद्यालय की प्रियंका एवं चंचला का आवासीय बालिका क्रीड़ा केंद्र चतरा में हुआ चयन



**चतरा :** जिले के सिमरिया प्रखंड के उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय लेपो की दो बालिका प्रियंका एवं चंचला का चयन फुटबॉल खेल हेतु आवासीय बालिका केंद्र चतरा में हुआ । दो माह पूर्व इन बच्चियों का झारखंड स्तर पर फुटबॉल खेल का ट्रायल लिया गया था। जिसमें झारखंड के लगभग 200 बच्चों ने भाग लिया, जिसके तहत लेपो विद्यालय के इन दोनों बच्चियों का चयन किया गया।अब दोनों बच्चियां इस क्रीड़ा केंद्र में रहकर फुटबॉल का नियमित अभ्यास करेंगी जिसके लिए झारखंड सरकार की ओर से इन्हें रहने, खाने,खेलने एवं शिक्षा देने का काम निशुल्क करेगी।इन दोनों बच्चियों की चयन उपरांत शारीरिक शिक्षक अबोध राम ने बताया कि यह दोनों बच्चियां काफी सुदूरवर्ती क्षेत्र एवं गरीब परिवार की रहने वाली है।शारीरिक शिक्षक अबोध राम ने बच्चियों के चयन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए चतरा जिला के खेल विभाग एवं शिक्षा विभाग को तहे दिल से धन्यवाद दिया है।चयन पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक जितेंद्र प्रसाद,शारीरिक शिक्षक अबोध राम एवं विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## जलडेगा थाना परिसर में बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक

**जलडेगा :** जलडेगा थाना परिसर में बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया।बीडीओ डा० प्रवीण कुमार एवं थाना प्रभारी जितेन्द्र कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में बकरीद पर्व कार्यक्रम पर विस्तृत चर्चा की गई। आपसी समन्वय से शांतिपूर्ण माहौल में भाईचारगी के साथ त्योहार मनाने का निर्णय लिया गया। प्रखंड में 7 जुन शनिवार को कोनमेरला, कोलमडेगा और ओड़गा में बकरीद के नमाज अदा की जाएगी। बीडीओ डॉ प्रवीण कुमार ने कहा सभी समुदाय के धार्मिक भावनाओं को देखते हुए शांतिपूर्ण त्योहार मनाए, सोशल मिडिया में भड़काऊ पोस्ट करने से बचें, किसी भी प्रकार के भ्रामक मेसेज को कहीं भेजने से पहले सत्यापित कर लें। त्योहार को लेकर किसी भी प्रकार की समस्या या परेशानी हो तो तुरंत संपर्क करें प्रशासन सहयोग करेगी। मौके पर महेश साहु, जशवंत साहु, मुखिया बालमुनी लुगून, जयन्ती देवी, शमीमा खातुन, हेमशरण सिंह, मोम्मताज आली, मो० मिन्हाज, मो सुहैल अंसीर, एसआई जयकान्त कुमार राय, एएसआई किशोर महतो, बिनोद कुमार राम, मुंशी रंजीत कुमार सिंह सहीत समिति सदस्य व ग्रामीण उपस्थित थे।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर भव्य ईको फैशन शो का आयोजन

**रांची :** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राजधानी में एक अनोखा और प्रेरणादायक ईको फैशन शो आयोजित किया गया, जिसकी मेजबानी की आई-एफए इंटरनेशनल ने और सहयोग किया पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में सक्रिय संस्था सीईईडीने। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण जागरूकता को रचनात्मक और आकर्षक ढंग से आम जनता तक पहुँचाना था। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण था ह्यडिजाइनर ड्रेस के माध्यम से पर्यावरण का चित्रण। देश भर से आए प्रतिभागियों ने प्राकृतिक तत्वों, पारिस्थितिकी संतुलन और जलवायु संकट जैसे विषयों पर आधारित अद्वितीय डिजाइनर पोशाकें प्रदर्शित कीं।

### राजद का सांगठनिक चुनाव का विवाद चरम पर

# लावालौंग प्रखंड के चुनाव में दो दो निर्वाचन पदाधिकारी पहुंचे चुनाव करवाने

### बढ़ते विवाद को देखते हुए निर्वाचन पदाधिकारियों ने आपसी सहमति से करवाया चुनाव

**चंद्रेश शर्मा**



**चतरा :** राजद का सांगठनिक चुनाव धीरे धीरे विवादों के साए में घिरता जा रहा है। आरोप है कि जिला अध्यक्ष पद के लिए होने वाले चुनाव में पसंदीदा उम्मीदवार को ताज पहनाने के उद्देश्य से प्रखंड चुनाव में विवाद की स्थिति उत्पन्न करवाई जा रही है। इस लड़ाई में आम पार्टी कार्यकर्ता पीसते जा रहे हैं। चुनाव में पार्टी सिद्धांत से अलग हटकर चुनाव करवाने का आरोप लग रहा है।एक नए घटनाक्रम में प्रदेश निर्वाचन प्रभारी ने रातों रात लावालौंग प्रखंड के निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रेशमी यादव को बदल देने की घोषणा कर विवाद को हवा दे दी। रविवार की रात 8 बजे प्रदेश चुनाव प्रभारी ने दिलीप यादव को लावालौंग प्रखंड का निर्वाचन पदाधिकारी नियुक्त करते हुए 02 जून को चुनाव करवाने का निर्देश जारी कर दिया। हालत यह हुई कि सोमवार को निर्वाचन प्रक्रिया के अंतिम दिन लावालौंग प्रखंड में दो दो निर्वाचन पदाधिकारी चुनाव करवाने पहुंच गये। इस परिस्थिति में लावालौंग में अजीबो गरीब स्थिति उत्पन्न हो गई। निर्वाचन प्रक्रिया सम्पन्न करवाने को लेकर दो गुट आमने सामने आ गए। इस बीच आपस में विवाद न हो,इसको देखते हुए नए निर्वाचन पदाधिकारी दिलीप यादव और श्रीमती रेशमी यादव ने संयम का परिचय देते हुए आपसी सहमति से निर्विरोध चुनाव सम्पन्न करवाया और लावालौंग राजद के सक्रिय कार्यकर्ता लालू यादव को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया। पत्रकारों से बात करते हुए पूर्व में घोषित निर्वाचन पदाधिकारी रेशमी देवी ने बताया कि कुछ लोग गरीब गुरबों की पार्टी को तोड़ने की कोशिश में लगे हैं और पीछे धकेलने का प्रयास कर रहे हैं। जिसे किसी कीमत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आपसी फूट और विवाद के चलते ही कई प्रखंड का चुनाव स्थगित कर दिया गया है। इससे उन्हें काफी दुख पहुंचा है रेशमी यादव ने कहा कि रविवार की रात में पार्टी के वाट्सएप ग्रुप में देखा कि मुझे निर्वाचन पदाधिकारी से हटा दिया गया है। इसके बावजूद दिए गए समय पर पहुंची। कहा कि लावालौंग राजद के सिपाही एकजुट हैं। शांतिपूर्ण ढंग से निर्विरोध चुनाव करवाया गया है। कहीं से कोई विवाद नहीं है। वहीं प्रदेश से बाद में नियुक्त किए गए प्रखंड निर्वाचन पदाधिकारी दिलीप यादव ने कहा कि प्रदेश ने निर्वाचन पदाधिकारी के रूप में मुझे नियुक्त किया था। परंतु पार्टी में किसी प्रकार का कोई विवाद नहीं हो। इसको देखते हुए आपसी समझ और सहमति से लालू यादव को प्रखंड अध्यक्ष के रूप में निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। कहा कि पार्टी में कोई विवाद नहीं है,अगर कहीं कुछ है भी तो वह पार्टी का अंदरूनी मामला है। नवनिर्वाचित अध्यक्ष लालू यादव ने कहा कि कार्यकताओं ने हमपर भरोसा जताकर निर्विरोध निर्वाचित किया है। मेरा प्रयास रहेगा कि धरातल पर पार्टी का विकास हो। अधिक से अधिक संख्या में कार्यकताओं को जोड़ने की कोशिश रहेगी। कहा कि प्रदेश नेतृत्व का जो आदेश रहेगा,उसका पूरी तरह से पालन किया जाएगा। आपको बताते चलें कि सांगठनिक चुनाव में आपसी टकराव और निर्वाचन पदाधिकारी के निष्पक्ष निर्णय नहीं लेने के कारण हंटरगंज प्रखंड और गिद्धौर प्रखंड का चुनाव रद्द हो चुका है। हंटरगंज के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष अशोक कुमार यादव ने 24 सक्रिय सदस्यों में से 17 सदस्यों का समर्थन पत्र प्रदेश कार्यालय को उपलब्ध करवाया है। हालांकि अभी तक प्रदेश ने इसपर कोई निर्णय नहीं दिया है।

बहरहाल राजद के सांगठनिक चुनाव में पद को लेकर जिस प्रकार से गुटबाजी का दौर प्रारंभ हुआ है,वह पार्टी के हित में कतई नहीं है। अगर समय रहते इसका सार्थक हल नहीं निकाला गया तो आगामी विधानसभा चुनाव में इसके दूरगामी परिणाम होंगे।

## गायत्री प्रज्ञा पीठ का कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर संपन्न



**गायत्री** प्रज्ञा पीठ ट्रस्ट चंद्री के नेतृत्व में 31 मई 2025 से 2 जून 2025 तक तीन दिवसीय आवासीय एवं गैर आवासीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर परम पूज्य गुरुदेव एवं वंदनीय माता जी के सूक्ष्म संरक्षण ,गायत्री शक्तिपीठ गोल पहाड़ी, टाटानगर का मार्गदर्शन तथा उपजॉन सामन्यक श्री संतोष संगम जी भाई साहब की गरिमा में उपस्थिति में संपन्न हुआ। गर्मी छुट्टी का सदुपयोग करने हेतु ट्रस्ट द्वारा साहसिक कदम उठाते हुए बहुत ही कम समय में प्रशिक्षण रखने का निर्णय लिया गया । उसके बावजूद शिविर में भाग लेने के लिए चाईबासा, मनोहरपुर ,जमशेदपुर खरसावां, सोनवा, गोयलकेरा, चंद्री एवं चक्रधरपुर से कार्यकर्ता आये। विशिष्ट व्यक्तित्व के रूप में समाज सेवी, चक्रधरपुर के श्री प्रमोद भगारिया जी उपस्थित हुए । प्रशिक्षण की गरिमा को बढ़ाने के लिए खरसावां के राष्ट्रीय स्तर के कलाकार श्री रसिक लोहार तथा श्री कमल महतो जी के द्वारा संगीत और कला प्रस्तुत किया गया। शांतिकुंज से प्रशिक्षण प्राप्त बहुत ही अनुभवी क्षेत्रीय कार्यकताओं के द्वारा योग, संगीत ,डफली, कर्मकांड एवं भाषण - संभाषण का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य कार्यकताओं को मार्गदर्शन देना तथा संगठित करना है। प्रशिक्षण प्राप्त कर प्रशिक्षणार्थी उत्साह एवं संकल्पित भाव से विदा हुए।

**कार्यालय कार्यपालक अभियन्ता,**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल, रामगढ़**

**शुद्धि–पत्र**

इस कार्यालय का पत्रांक–583 दिनांक 15.05.2025 के द्वारा आमंत्रित निविदा आमंत्रण सूचना संख्या **WRD/MID/RAMGARH/B.D./M.M.S.L.I - 01/2025-26** को विभिन्न सामाचर पत्र में प्रकाशित हुआ। योजना का नाम– Construction of Mukhya Mantri Solar Lift Irrigation Scheme Padariya, Block-Mandu, Dist- Ramgarh जिसका पी०आर० नम्बर–352551 Minor Irrigation (25-26):D है। जिसे तकनीकी एवं अपरिहार्य कारणवश रद्द की जाती है।

ह०/–
कार्यपालक अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, रामगढ़

PR 354068 (Minor Irrigation)25-26*D

### पिठौरिया एवं बुढ़मू प्रखंड के चकमें में दिखा आस्था का जन सैलाब

## मंडा पूजा हमारी सांस्कृतिक, धार्मिक एवं आस्था का प्रतीक है : राजकुमार महतो



**रांची :** पिठौरिया में महादेव मंडा पूजा समिति के द्वारा दो दिवसीय मंडा पूजा के पहले दिन फूलखुंदी एवं भक्ति जागरण का आयोजन हुआ भोक्ता गण आग पर चल महादेव की भक्ति एवं शक्ति का परिचय दिया साथ ही हजारीबाग से आए भक्ति जागरण मंडली ने अद्भुत कला का प्रदर्शन किया। इस आयोजन में केंद्रीय मंडा पूजा समिति, झारखंड के प्रतिनिधि विशेष रूप से उपस्थित रहे। केंद्रीय मंडा पूजा समिति के अध्यक्ष श्री राजकुमार महतो ने मौके पर कहा मंडा पूजा हमारी सांस्कृतिक, धार्मिक एवं आस्था का प्रतीक है, इसे राजकीय पर्व घोषित करें राज्य सरकार। महासचिव उदय पासवान ने कहा मंडा पूजा पूरे झारखंड में होती है, यह हमारी पौराणिक परंपरा है इसे बचा कर रखना हमारा कर्तव्य है। इस आयोजन में मुख्य रूप से श्री बिगु गोप, संजय प्रसाद, रणजीत राम, मनोज गोप, मुखिया मुन्नी देवी उपस्थिति रही। आयोजन में इनकी रही भागीदारी अध्यक्ष जितेंद्र साहू, राजेश नायक, रामप्रसाद गोप, अरविंद साहू, विक्की अहीर, नंदकिशोर साहू, ओम प्रकाश रजक, पूरन गोप, सरवन गोप, राजेश गोप, बबलू महतो, रघुवर साहू आदि।

इधर बुढ़मू प्रखंड के चकमें में भी मंडा पूजा के उपलक्ष में फूलखुंदी एवं सांस्कृतिक नागपुरी का आयोजन हुआ, इसमें भी भक्तियागण बड़ी संख्या में आग पर नंगे पांव चलकर शिव भक्ति का परिचय दिया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय मंडा पूजा समिति के अध्यक्ष राजकुमार महतो, महासचिव उदय पासवान, संरक्षक हरदेव साहू, जिला परिषद सदस्य मनोज महतो बाजपेई, प्रमुख सतनारायण मुंडा, मुखिया रामवृत मुंडा, मनोज गोप, संजय प्रसाद, रणजीत राम शामिल हुए। इस आयोजन में इनकी रही महत्वपूर्ण भागीदारी अध्यक्ष मनोज यादव, दिवाकर प्रसाद, बलदेव पहान, कुलदीप यादव, दुबराज प्रजापति, आनंद यादव, तपेश्वर मिश्रा, धनंजय मुंडा, अरविंद प्रसाद, अजय साहू, ननकू महतो, दिलीप यादव, सहदेव मुंडा, बालकिशन मुंडा, संतोष यादव, उमेश साहू आदि।

**कार्यालय**
**असैनिक शल्य विकित्सक सह मुख्य विकित्सा पदाधिकारी, राँची।**
E-mail id – csofficeranchi@yahoo.com

**e-Tender No. : 2156 Date 31.5.2025**
**ई– अल्पकालीन निविदा**

राँची जिले के मांडर, चान्हों एवं बेड़ों प्रखंड अन्तर्गत कार्यरत कुल 395 ऑगनबाड़ी केन्द्रों में ए.एन.सी. किट (किट संबंधित ऑगनबाड़ी में आपूर्ति करना होगा) के दर निर्धारण एवं कय हेतु निबंधित निर्माणकर्ता/प्रतिष्ठानों/फर्म से दिनांक 28.6.2025 **के अपराह्न 5.00 बजे** तक ई– निविदा आमंत्रित किया जाता है। निविदा से संबंधित तकनीकि विवरण/स्पेशिफिकेशन/संबंधित नियम/शर्त आदि बेव साईट jharkhandtenders.gov.in पर दिनांक 6.6.2025 से देखा जा सकता है। प्री–बिड बैठक 12.5.2025 के अपराह्न 2 PM अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में होगा जिसमें निविदाता भाग ले सकते हैं। निविदा से संबंधित किसी प्रकार का परिवर्तन / शुद्धि पत्र बेब साईट jharkhandtenders.gov.in पर ही प्रकाशित किया जाएगा।

असैनिक शल्य चिकित्सक सह
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,राँची।

PR.NO.354070 Health Med Edu and Family Welfare(25-26):D

### कौलेश्वरी मंदिर पहुंचे श्रद्धालु का आरोप

## पुजारी को नारियल संकल्प में नहीं मिला 500रु तो अभद्रता से बिना दर्शन किए निकाला बाहर

### सीसीटीवी जांच करने की श्रद्धालु ने की मांग, एसडीओ और सीओ से की शिकायत

**संवाददाता**



**चतरा :** जिले के हंटरगंज प्रखण्ड स्थित विश्व प्रसिद्ध मां कौलेश्वरी मंदिर की दर्शन व्यवस्था को लेकर एक श्रृद्धालु ने सवाल उठाए हैं। उन्होंने मंदिर के पुजारी पर अभद्रता करने का आरोप लगाया है। श्रद्धालु ने मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे को चेक करने की सीओ और एसडीओ से मांग की है। इसमें श्रद्धालु ने आरोप लगाया कि मंदिर में धर्म के नाम पर व्यापार हो रहा है। इससे आम श्रद्धालुओं को श्रद्धालुओं को परेशनी हो रही हैं।मंदिर में आए श्रद्धालु हंटरगंज प्रखण्ड क्षेत्र के तरवागड़ा निवासी जद्दू यादव का कहना है कि सोमवार सुबह आठ बजे अपने निवास स्थान से अपने सपरिवार के साथ माता कौलेश्वरी के दर्शन और पुजा अर्चना को लेकर माता का मन्दिर गया हुआ था। जब सपरिवार मंदिर में प्रसाद लेकर प्रवेश किया तो एक पुजारी के द्वारा चारों नारियल के संकल्प के नाम पर 500 रूपए की मांग की गई।जब मेरे पूरे फैमली इसका विरोध किया मुझे पुजारी के द्वारा बाहर निकलने के लिए बोला गया। जिससे मैं पुरा डर सहम गया और किसी तरह पुजा करके वंहा से निकला और इसकी शिकायत कौलेश्वरी प्रबंधन समिति सचिव सह हंटरगंज सीओ अरुण कुमार मुंडा से की है। साथ ही इसकी शिकायत अनुमंडल पदाधिकारी चतरा से भी की गई। पीड़ित श्रद्धालु ने कौलेश्वरी प्रबन्धन समिति सदस्यों से सीसीटीवी की जांच करते हुए पुजारी को निरस्त करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि हम स्थानीय श्रद्धालु है मेरे साथ ऐसा व्यवहार किया गया तो दूर दराज से आए श्रद्धालुओ के साथ और ही होता होगा। इधर हंटरगंज बाजार में इसकी चर्चा जोरों पर है।ज्यादातर लोग मंदिर प्रशासन की व्यवस्था पर नाराजगी जता रहे हैं। हालांकि यह पहला मामला नहीं है जब किसी श्रद्धालु के साथ इस प्रकार की अभद्रता की गई हो बल्कि पूर्व में भी वसूली का आरोप लगा था। लेकिन सिर्फ खानापूर्ति की गई। अब देखना होगा कि इसपर मंदिर प्रशासन क्या करती है?

**क्या कहते हैं सीओ :** इधर सीओ अरूण कुमार मुंडा ने बताया कि जांच का विषय है जांच की जायेगी जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

**क्या कहते हैं एसडीओ :** एसडीओ जूहुर आलम ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। हालांकि श्रद्धालु के पास कोई पुख्ता साक्ष्य नहीं है।

हालांकि इस मामले को लेकर प्रधान पुजारी से संपर्क करने की कोशिश की गई,परंतु संपर्क नहीं हो पाया है।

**झारखण्ड सरकार**
**ग्रामीण विकास विभाग**

**प्रेस-विज्ञप्ति**

राज्य मनरेगा कोषांग अन्तर्गत संविदा आधारित विभिन्न पदों पर नियुक्ति हेतु PR No.- 344436 दिनांक 17.01.2025 एवं PR No.- 344460 दिनांक 18.01.2025 के द्वारा विज्ञापन का प्रकाशन कर दिनांक 06.02.2025 के संध्या 06:00 बजे तक Offline आवेदन आमंत्रित की गयी थी। उक्त सभी पदों यथा – विशेष कार्य पदाधिकारी (अवर सचिव स्तर के पदाधिकारी), राज्य MIS Nodal पदाधिकारी, सहायक अभियंता, सहायक वन संरक्षक, मीडिया–सह–प्रशिक्षण पदाधिकारी एवं लेखापाल हेतु प्राप्त आवेदनों की Scrutiny कर **Eligible/ Not Eligible / Rejected** आवेदनों की सूची तैयार की गई है, जिसे वेबसाइट https://www.jharkhand.gov.in/MGNREGA के Recruitment पर अपलोड किया गया है।

Eligible/ Not Eligible आवेदनों की सूची पर आवेदकों को यदि कोई आपत्ति हो, तो दिनांक 12.06.2025 के संध्या 04:00 बजे तक अपनी आपत्ति लिखित रूप से श्री चन्द्र भूषण, अवर सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड, राँची (प्रथम तल, एफ०एफ०पी० भवन, धुर्वा, राँची – 834004) के समक्ष उपस्थित होकर/डाक के माध्यम से समर्पित करेंगे।

जिन अभ्यर्थियों को कतिपय कागजात समर्पित किए जाने की शर्त्त के साथ Eligible किया गया है, वैसे अभ्यर्थी दिनांक 12.06.2025 के संध्या 04:00 बजे तक वांछित कागजात श्री चन्द्र भूषण, अवर सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड, राँची (प्रथम तल, एफ०एफ०पी० भवन, धुर्वा, राँची – 834004) के समक्ष उपस्थित होकर समर्पित करेंगे। दिनांक 12.06.2025 के संध्या 04:00 बजे तक वांछित कागजात प्राप्त नहीं होने की स्थिति में संबंधित आवेदकों के आवेदन को निरस्त कर दिया जाएगा।

जिन मामलों में निर्धारित समय सीमा के बाद आवेदन प्राप्त हुए है, या Prescribed Format में आवेदन समर्पित नहीं किया गया है या पद नाम का उल्लेख नहीं किया गया है या विज्ञापित पद के इतर है, ऐसी सूची पर आपत्ति स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

निर्धारित तिथि के बाद इस पर कोई सुनवाई नहीं होगी तथा किसी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा। अहर्त्तापूर्ण आवेदकों में से Shortlisted अभ्यर्थियों के साक्षात्कार/दक्षता परीक्षा आदि हेतु अलग से तिथि निर्धारित कर सूचित किया जायेगा। अहर्त्तापूर्ण सूची के आधार पर किसी भी आवेदक का नियुक्ति के लिए दावा मान्य नहीं होगा।

(अरूण कुमार सिंह)
सरकार के अपर सचिव।

PR.NO.354075 Rural Development(25-26):D

## सुविचार

**मेहनत करने से दरिद्रता नहीं रहती, धर्म करने से पाप नहीं रहता, मौन रहने से कलह नहीं होता.**

# बेकार का डर

भारत और पाकिस्तान के बीच का हालिया टकराव किसी भी वक्त ऐसे मोड़ पर नहीं पहुंचा, जब परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की नौबत आई हो - चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान का यह बयान आशंकाओं को दूर करने के साथ ही एटमी ताकत के रूप में नई दिल्ली की परिपक्वता और जिम्मेदारी के भाव को भी दिखाता है। उऊ़ ने कहा कि दोनों देशों की सेनाओं ने तार्किक रुख अपनाया यानी उन्होंने पाकिस्तान को भी उसके हिस्से का श्रेय दिया, जो उनका बड़प्पन है।

पश्चिम की चिंताः भारत और पाकिस्तान के बीच जब भी तनाव बढ़ता है, तो पश्चिम की तरफ से सबसे पहली चिंता यही जताई जाती है कि अगर टकराव हुआ तो वह परमाणु युद्ध तक पहुंच सकता है। कारगिल से लेकर बालाकोट तक, अतीत में कई बार ऐसा हो चुका है। यहां तक कि कारगिल को लेकर कहानियां तक फैल चुकी हैं कि परमाणु युद्ध आसन्न था, पर अमेरिकी दखल से टल गया। इस बार भी अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप एटमी वॉर रुकवाने के लिए खुद से अपनी पीठ थपथपा रहे हैं। विडंबना है कि परमाणु हथियारों के इस्तेमाल का इकलौता कलंक अमेरिका के ही माथे है।

पश्चिम का यह अंदेशा दरअसल भारत की क्षमताओं को कम करके आंकना है। परमाणु हथियार किसी भी युद्ध का अंतिम विकल्प हैं और उस सीमा पर पहुंचने से पहले कई सारे पड़ाव आते हैं। भारत ने वैसे भी 'नो फर्स्ट यूज' की नीति अपना रखी है यानी देश परमाणु हथियारों का पहले इस्तेमाल नहीं करेगा। किसी ऐसे मुल्क के खिलाफ भी भारत एटमी वेपन नहीं निकालेगा, जिसके पास परमाणु हथियार नहीं हैं। भारत ने यह ताकत हासिल की है सुरक्षा के लिए, आक्रामकता दिखाने और आक्रमण के लिए नहीं। तार्किक जवाबः उऊ़ ने इंटरव्यू में कहा कि सेना के लोग सबसे ज्यादा तर्कसंगत होते हैं, क्योंकि उन्हें परिणाम का पता है। इसका प्रत्यक्ष अनुभव ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हुआ था। पहलगाम आतंकी हमले को लेकर पूरा देश गुस्से से उबल रहा था, लेकिन तब भी भारतीय सेना ने जवाबी कार्रवाई में संयम बरता और केवल पाकिस्तान में मौजूद आतंकी ठिकानों को ही निशाना बनाया। पाकिस्तान की तरफ से उकसावे वाली कार्रवाइयों के बावजूद भारत के हम सटीक और नियंत्रित रहे।

परमाणु हमले की विभीषिका दुनिया देख चुकी है। एक ही झटके में लाखों जिंदगियां तबाह हो गई थीं और आने वाली कई नस्लें दशकों तक वह दंश झेलती रहीं। हिरोशिमा और नागासाकी के साथ जो हुआ था, वह मानव समुदाय के लिए सबक है कि कोई भी युद्ध उस बिंदू तक नहीं पहुंचना चाहिए, जहां ऐसी नौबत आए।

# कनाडा ने की गलती

पीएम नरेंद्र मोदी का इस साल कनाडा में होने वाले जी7 सम्मेलन में भाग नहीं लेना इस वैश्विक मंच के उद्देश्य और इसकी प्रासंगिकता के लिहाज से ठीक नहीं है। भारत दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी इकॉनमी है, ग्लोबल ग्रोथ में उसकी एक भूमिका है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र भी है। इसी वजह से पिछले कुछ वर्षों से उसे अमीर देशों के इस मंच पर जगह मिलती आई थी। टूट गया सिलसिलाः भारत साल 2019 से लगातार इस आयोजन का हिस्सा रहा है। फ्रांस से यह सिलसिला शुरू हुआ था, जो पिछले साल इटली तक जारी रहा। इटली में विशेष सत्र को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने सामाजिक असमानता को दूर करने और सभी के सहज उपलब्ध व सुरक्षित अक जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर बात की थी। भारत इस मंच का इस्तेमाल शांति, अंतरराष्ट्रीय सहयोग और समन्वित विकास का संदेश देने के लिए करता रहा है।

जी7, सात सबसे विकसित और औद्योगिक देशों का समूह है, लेकिन जिस तरह से कनाडा में बसे खालिस्तान समर्थकों ने इस बार अपना असर इस पर छोड़ा है, वह चिंता का सबब है। आयोजन की मेजबानी कनाडा के पास है, लेकिन अलगाववादियों ने वहां की नई सरकार पर दबाव बनाया था कि भारत को आमंत्रित न किया जाए। मार्क कार्नी का इस मामले में झुक जाना चरमपंथी ताकतों के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय संघर्ष के लिए बड़ा झटका है। क्या भारत के बिना यह ग्रुप चीन की विस्तारवादी नीतियों के खिलाफ अपनी प्रतिबद्धता, लोकतंत्र और पर्यावरण के मुद्दे पर टिका रह पाएगा? मार्क कार्नी का कार्यकाल इस उम्मीद के साथ शुरू हुआ था कि भारत और कनाडा के रिश्तों पर जमी बर्फ पिघल सकती है। अपने पूर्ववर्ती जस्टिन ट्रूडो के मुकाबले उन्होंने ज्यादा जिम्मेदार और सकारात्मक रवैया दिखाया था। चुनावी अभियान के दौरान उन्होंने माना था कि दोनों देशों के संबंध कई स्तरों पर महत्वपूर्ण हैं और समान विचारधारा वाले देशों के साथ व्यापारिक संबंधों में विविधता लाने की बात कही थी। पिछले हफ्ते जब विदेश मंत्री जयशंकर ने कनाडा की समकक्ष मंत्री अनीता आनंद से बात की, तो उसे भी अहम बदलाव माना गया था। जी7 सम्मेलन कनाडा के लिए मौका था, जहां वह भारत के साथ संबंधों को सुधारने की शुरूआत कर सकता था। अमेरिका की तरफ से पड़ रहे प्रेशर को देखते हुए उसे नई दिल्ली के जैसे सहयोगियों की जरूरत है। लेकिन, घरेलू राजनीति से मजबूर कनाडा ने द्विपक्षीय रिश्तों ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय हितों को भी चोट पहुंचाई है।

# नक्सलवाद पर लगाम की ओर बढ़ते कदम

**मोदी सरकार की नजर में माओवादी हिंसा आंतरिक सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा थी। वैसे मोदी सरकार को पता था कि नक्सलियों पर ऐसी कार्रवाई का एक बड़ा बौद्धिक वर्ग विरोध करेगा। इसलिए नक्सली हिंसा पर लगाम के लिए दोतरफा कार्रवाई शुरू की। एक तरफ नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए सुरक्षा बलों के बीच तालमेल बढ़ाने और नक्सल विरोधी खुफिया तंत्र को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया। वहीं दूसरी तरफ समावेशी विकास का पहिया तेजी से दौड़ाने की कोशिश की गई।**

**उमेश चतुर्वेदी**

नक्सलवाद के खिलाफ सुरक्षा बलों के संघर्ष में बीती 21 मई को नया इतिहास रचा गया। छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ के जंगल में सुरक्षा बलों ने सीपीआई (माओवादी) के महासचिव और सर्वोच्च कमांडर नंबाला केशव राव उर्फ बासवराजू को मार गिराया। उसके साथ 26 और नक्सली मारे गए। इसके कुछ दिन बाद झारखंड में भी तीन नक्सली मारे गए। केंद्र सरकार ने मार्च 2026 के अंत तक नक्सलवाद के देश से सफाये का लक्ष्य रखा है। नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षा बलों के लगातार कसते शिकंजे का संकेत भी कुछ ऐसा ही है।

नक्सलवाद के उभार के बाद से यह पहला मौका है, जब कोई सर्वोच्च नक्सली कमांडर और महासचिव स्तर का व्यक्ति मारा गया हो। गृहमंत्री अमित शाह ने इसे अपने बयान में रेखांकित भी किया। इस घटना के तुरंत बाद एक बयान में अमित शाह ने इस मुठभेड़ को नक्सलवाद खत्म करने की लड़ाई में ऐतिहासिक उपलब्धि बताने में हिचक नहीं दिखाई। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद के खिलाफ तीन दशकों की लड़ाई में महासचिव स्तर के नेता को हमारे सुरक्षा बलों ने मार गिराया है। केशव राव उर्फ बासवराजू को जिस ऑपरेशन के जरिए केंद्रीय रिजर्व पुलिस औ छत्तीसगढ़ पुलिस ने मार गिराया, उसे सुरक्षा बलों ने ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट नाम दिया है। छत्तीसगढ़, तेलंगाना और महाराष्ट्र तक फैले जंगलों में जारी इस ऑपरेशन के तहत जहां 54 नक्सली गिरफ्तार किए जा चुके हैं, वहीं 84 नक्सलियों ने समर्पण किया है। जिस तरह धड़ाधड़ सफल मुठभेड़ हो रही है, नक्सली समर्पण कर रहे हैं या फिर गिरफ्तार किए जा रहे हैं, उससे अमित शाह का उम्मीद रखना बेमानी भी नहीं है।

मोदी सरकार ने साल 2014 में जब सत्ता संभाली थी, तब देश के 70 जिलों में नक्सलवाद का बड़ा असर था। भारतीय जनता पार्टी ने साल 2014 के चुनाव घोषणा पत्र में नक्सलवाद पर लगाम को अपने प्रमुख कार्यक्रम में शामिल किया था। इसके एक साल पहले ही 25 मई 2013 को छत्तीसगढ़ की झीरम घाटी में राज्य कांग्रेस के तकरीबन समूचे नेतृत्व को नक्सलियों ने निशाना बना दिया था। उससे उपजा क्षोभ ताजा था। वैसे भी सैद्धांतिक रूप से भारतीय जनता पार्टी माओवादी हिंसा के खिलाफ कठोर कार्रवाई की हमेशा से पक्षधर रही है। कह सकते हैं कि इसी वजह से साल 2014 के चुनाव घोषणा पत्र में नक्सलवाद पर लगाम को पार्टी ने अपना प्रमुख कार्यक्रम घोषित कर रखा था।

गौर से देखेंगे तो पाएंगे कि नक्सलवाद का प्रभाव उन इलाकों में ज्यादा तेजी से बढ़ा, जहां जंगल थे, जहां आदिवासी समुदाय का निवास ज्यादा था, जहां शिक्षा का प्रसार कम था। यह सच है कि आधुनिक सभ्यता की सहयोगी आधुनिक व्यवस्था की निगाह जल-जंगल आदि प्राकृतिक संसाधनों के जरिए मुनाफाखोरी पर रही है। इस वैचारिकी का स्थानीय लोगों में प्रचार के जरिए नक्सलवाद ने अपनी गहरी पैठ बनाई। नक्सलवाद बुनियादी रूप से आधुनिक चीन के संस्थापक माओत्से तुंग की विचारधारा से प्रेरित है। जिनकी मान्यता थी कि सत्ता बारूद से निकलती है। नक्सलवाद या माओवादी सोच के मूल में हिंसा की अवधारणा है। जिसके अनुसार बदलाव भी हिंसा के जरिए ही आता है। वैचारिकी तक अगर माओवाद सीमित रहता तो गनीमत थी। लेकिन माओवादी कमांडरों ने बाद में अपने प्रभाव वाले इलाकों में अपनी ताकत का इस्तेमाल वसूली और मोटी कमाई के लिए करना शुरू कर दिया। तब से उनके प्रति समर्थन घटने लगा।

नक्सली अपने प्रभाव क्षेत्र में अक्सर विकास के आधुनिक माध्यमों और प्रतीकों मसलन रेलवे लाइन, स्टेशन, डाकघर, स्कूल आदि को निशाना बनाते रहे। धीरे-धीरे उनके इस कृत्य को स्थानीय निवासी विकास विरोधी मानने लगे। जैसे-जैसे स्थानीय लोगों की यह समझ बढ़ी, नक्सलियों का समर्थक आधार कमजोर होता गया। उनके समर्थक आधार को कमजोर करने में उनके द्वारा व्यापक स्तर पर किए गए नरसंहारों ने भी बड़ी भूमिका निभाई। झीरम घाटी के नक्सली हमले में जहां तीस से ज्यादा लोग मारे गए थे, 6 अप्रैल 2010 को छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के ताड़मेटला के जंगलों में नक्सलियों ने घात लगाकर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के 75 और जिला बल के एक जवान को बारूदी सुरंग में उड़ा दिया था। इन हत्याओं के बाद नक्सली हिंसा को लेकर सवाल उठने लगा। नक्सलियों के समर्थक बौद्धिक तबके के लिए उनके बचाव में बोलना आसान नहीं रह गया। ताड़मेटला कांड के बाद तो उनके खिलाफ वायुसेना की कार्रवाई की मांग उठी थी, तब नक्सलियों के बौद्धिक समर्थकों ने इसका विरोध किया था। इस विरोध के चलते तत्कालीन मनमोहन सरकार ने नक्सली हिंसा को काबू करने के लिए सैनिक कार्रवाई को टाल दिया था।

मोदी सरकार की नजर में माओवादी हिंसा आंतरिक सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा थी। वैसे मोदी सरकार को पता था कि नक्सलियों पर ऐसी कार्रवाई का एक बड़ा बौद्धिक वर्ग विरोध करेगा। इसलिए नक्सली हिंसा पर लगाम के लिए दोतरफा कार्रवाई शुरू की। एक तरफ नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए सुरक्षा बलों के बीच तालमेल बढ़ाने और नक्सल विरोधी खुफिया तंत्र को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया। वहीं दूसरी तरफ समावेशी विकास का पहिया तेजी से दौड़ाने की कोशिश की गई। इसमें सामुदायिक भागीदारी को भी बढ़ावा दिया गया। इस रणनीति के जरिए माओवादी आंदोलन को सुनियोजित तरीके से कमजोर करने में कामयाबी मिली। इससे माओवादियों के हाथों होने वाली हिंसा में कमी आई। लोगों में भय का माहौल कम हुआ। इसके साथ ही माओवादी उग्रवाद से प्रभावित कई जिलों को मुख्यधारा में शामिल करने में तेजी आई। इसकी वजह से स्थानीय निवासी नक्सलवाद दूरवर्ती इलाकों एवं जनजातीय गांवों के विकास में सबसे बड़ी बाधा के रूप में देखने लगे। उन्हें यह भरोसा होने लगा कि माओवादी हिंसा और सोच शिक्षा, स्वास्थ्य, संचार, बैंकिंग और डाक सेवाओं को उनके गांवों तक पहुंचने से रोकती है। नक्सलियों के समर्पण और उसके बाद उनके पुनर्वास पर जोर दिया गया। उन्हें हिंसा छोड़ने के बाद मुख्यधारा में शामिल होने और सामान्य जिंदगी बिताने के लिए सरकारी स्तर पर मदद दी जाने लगी। इसके साथ ही भारत सरकार की ओर से बुनियादी ढांचे की कमी दूर करने के लिए नक्सल प्रभावित जिलों के लिए विशेष योजना के तहत विशेष केन्द्रीय सहायता दी जा रही है। इसके तहत नक्सलवाद से सबसे अधिक प्रभावित और चिंतित करने वाले जिलों को 30 और 10 करोड़ रुपये की मदद दी जा रही है। इसके अलावा, जरूरत के मुताबिक, इन जिलों के लिए विशेष परियोजनाएं भी दी जा रही हैं। इसकी वजह से पिछले 10 वर्षों के दौरान, 8,000 से अधिक नक्सलियों ने हिंसा का रास्ता छोड़ दिया है।

इसका असर यह होगा कि माओवादियों के खिलाफ उनकी कार्रवाई कहीं ज्यादा सटीक होगी। इसका असर भी अब दिखने लगा है। अब जहां खूंखार नक्सली या तो मारे जा रहे हैं या फिर समर्पण कर रहे हैं, वहीं जनजातीय इलाकों में नई सड़कें और रेल लाइनें बनाई जा रही हैं। छत्तीसगढ़ 'खरसिया-नया रायपुर-परमलकसा मार्ग से बलौदा बाजार जैसे नए क्षेत्रों को सीधा रेल संपर्क मिलने जा रहा है। इस इलाके में 278 किलोमीटर नई रेल लाइन बिछाई जा रही है ।माओवाद विरोधी कार्रवाई की कमान संभालने वाले केंद्रीय बलों के अधिकारियों का मानना है कि मौजूदा सरकार ने उनके लिए मुफीद माहौल मुहैया कराया है। छत्तीसगढ़ में जब भूपेश बघेल की सरकार की हार के बाद सुरक्षा बलों के कुछ अधिकारियों का मानना था कि नई सरकार की नीति बदलेगी। इसकी वजह से स्थानीय पुलिस और प्रशासन माओवादी हिंसा के खिलाफ उनके कदमों के प्रति सहयोगी रूख रखेगा। नक्सलवाद पर नकेल के उपायों का असर ही कहा जाएगा कि साल 2014 में जहां नक्सल प्रभावित जिलों की संख्या 70 थी, जो अब घटकर 38 रह गई है। नक्सलवाद खत्म हो, विकास की गाड़ी दौड़ती रहे और जनजातीय समूह के लोगों को भी विकास में भागीदार बनाया जाए, इससे शायद ही किसी को इनकार होगा। लेकिन साथ ही व्यवस्था को यह भी देखना होगा कि फिर ऐसे हालात न बनें, जिससे स्थानीय निवासियों को बरगलाना आसान हो और वे हथियार उठाने के लिए मजबूर हों। **(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)**

# सफर और अच्छे सेहत की साथी साइकिल

**साइकिल ने लोगों के लिए मीलों दूर का सफर भी आसान बना दिया। कुछ दशक पूर्व तो बहुत से छात्र स्कूल तक पहुंचने के लिए भी मीलों दूर का सफर साइकिल से ही तय किया करते थे। हालांकि वह ऐसा दौर था, जब साइकिल को आमतौर पर निर्धनता का प्रतीक समझा जाता था और साइकिल को गरीब तथा मध्यम वर्ग के यातायात का ही अहम हिस्सा माना जाता था।**

**योगेश कुमार गोयल**

एक समय ऐसा था जब लोग मीलों दूर का सफर भी पैदल अथवा बैलगाड़ियों के माध्यम से कई-कई दिनों में पूरा किया करते थे। साइकिल के आविष्कार ने लोगों की दुनिया ही बदल डाली। साइकिल ने लोगों के लिए मीलों दूर का सफर भी आसान बना दिया। कुछ दशक पूर्व तो बहुत से छात्र स्कूल तक पहुंचने के लिए भी मीलों दूर का सफर साइकिल से ही तय किया करते थे। हालांकि वह ऐसा दौर था, जब साइकिल को आमतौर पर निर्धनता का प्रतीक समझा जाता था और साइकिल को गरीब तथा मध्यम वर्ग के यातायात का ही अहम हिस्सा माना जाता था। तब खासकर मजदूर वर्ग के लोग, दूध वाले, स्कूल जाने वाले छात्र इत्यादि ही साइकिल पर दिखते थे। साइकिल की कीमत तब ज्यादा नहीं होती थी और प्रायः एक ही जैसी साइकिलें बाजार में मिलती थी लेकिन समय के साथ बदलती तकनीक के दौर में साइकिलें भी हाईटेक होती गईं और आज बाजार में कुछ हजार से लेकर लाखों रुपये तक की साइकिलें उपलब्ध हैं।समय के साथ साइकिल की उपयोगिता और महत्व भी बदलता गया है और आज के आधुनिक दौर में साइकिलें अधिकांशतः व्यायाम अथवा शारीरिक फिटनेस के तौर पर प्रयोग की जाती हैं। आज के जमाने में लोग घंटों साइकिल चालकर इससे सेहत और वातावरण को पहुंचने वाले फायदों के बारे में जागरुकता फैलाते हैं। हालांकि यूरोप, डेनमार्क, नीदरलैंड इत्यादि दुनिया के कई हिस्से आज भी ऐसे हैं, जहां साइकिल के जरिये ही एक स्थान से दूसरे स्थान तक जाया जाता है। साइकिल का दौर 1960 से लेकर 1990 के बीच काफी अच्छा चला लेकिन उसके बाद समय बदलता गया और साइकिल का चलन भी कम होता गया। बीते कुछ वर्षों में पर्यावण की महत्ता और साइकिल चलाने से होने वाले स्वास्थ्य संबंधी लाभ को देखते हुए लोग साइकिल की ओर आकर्षित हुए हैं और यही कारण है कि अब केवल भारत ही नहीं बल्कि जापान, इंग्लैंड सहित कई विकसित देशों में भी साइकिलों का उपयोग बढ़ रहा है। भारत का साइकिल उद्योग आज दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा बाजार है और भारत साइकिल का तीसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता देश है। साइकिल पर्यावरण के लिए यातायात का सबसे उत्तम साधन है क्योंकि इसके उपयोग से डीजल-पेट्रोल का दोहन कम होने के साथ ही प्रदूषण स्तर भी कम होता है। साथ ही शरीर को स्वस्थ रखने में भी साइकिल महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। साइकिल चलाने से न केवल पर्यावरण सुरक्षा को बढ़ावा मिलता है बल्कि यह व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक विकास में भी सहायक होता है। यही कारण है कि साइकिल की विविधता, मौलिकता और परिवहन के एक व्यापक और सहज साधन के बारे में जागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 03 जून को विश्व साइकिल दिवस मनाया जाता है। अप्रैल 2018 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने हर साल 03 जून को यह दिवस मनाने की घोषणा साइकिल सवारी से मिलने वाले स्वास्थ्य, पर्यावरण और आवागमन के लिए सबसे सस्ता साधन इत्यादि को देखते हुए की थी। दरअसल साइकिल का महत्व धीरे-धीरे घटता जा रहा था, तकनीक के विकास के साथ ही पैट्रोल-डीजल इत्यादि से चलने वाली गाड़ियों का उपयोग बढ़ने लगा और लोगों ने समय की बचत तथा सुविधा के लिए साइकिल चलाना बेहद कम कर दिया। इसीलिए साइकिल के उपयोग और जरूरत के बारे में बच्चों और अन्य लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से संयुक्त राष्ट्र द्वारा विश्व साइकिल दिवस मनाने की जरूरत महसूस की गई।

संयुक्त राष्ट्र संघ ने पर्यावरण सुरक्षा को भी साइकिल चलन को बढ़ावा देने का अहम उद्देश्य माना है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार साइकिल दिवस मानव प्रगति, उन्नति, स्थिरता, सामाजिक समावेश और शांति की संस्कृति के प्रतीक के रूप मनाया जाता है। इस दिवस की शुरूआत को लेकर अमेरिका के मोंटगोमरी कॉलेज के प्रोफेसर लेसजेक सिबिल्स्की ने एक अभियान चलाया था, जिसका समर्थन तुर्कमेनिस्तान और 56 अन्य देशों ने किया था। सिबिल्सकी ने ही साइकिल दिवस मनाए जाने का प्रस्ताव दिया था, जिसके बाद सिबिल्सकी और उनके साथियों द्वारा उसका प्रचार-प्रसार किया गया। साइकिल यातायात का ऐसा साधन है, जो वायु प्रदूषण को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है क्योंकि इसे चलाने के लिए पेट्रोल, डीजल या सीएनजी जैसे किसी ईंधन की जरूरत नहीं पड़ती। साइकिल चलाने से अच्छा व्यायाम हो जाता है, जिससे वजन कम करने से लेकर मांसपेशियों को मजबूती मिलती है। साइकिल चलाना एक प्रकार की एरोबिक एक्सरसाइज है, जिससे शरीर को चुस्त-दुरूस्त रखने, पतला होने और मांसपेशियों को टोन करने में मदद मिलती है। विशेषज्ञों के अनुसार नियमित साइकिल चलाने वाले व्यक्ति को कैंसर, हृदय रोग, मधुमेह जैसी भयानक बीमारियों का जोखिम कम होता है और यदि कोई व्यक्ति प्रकृति के करीब साइकिल चलाता है तो यह उसे तरोताजा रखने के साथ-साथ उच्च रक्तचाप जैसी समस्या को भी दूर रखने में मददगार है। साइकिल चलाने से मूड अच्छा होने में भी मदद मिलती है। कई अध्ययनों में यह तथ्य सामने आया है कि प्रतिदिन आधा घंटा साइकिल चलाने से ही हम मोटापा, हृदय रोग, मानसिक बीमारी, मधुमेह, गठिया इत्यादि कई बीमारियों से बच सकते हैं।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# कैलाश मानसरोवर यात्रा का सबसे आसान रास्ता



जून 2025 से सिक्किम में नाथुला पास से पवित्र कैलाश मानसरोवर यात्रा शुरू होने वाली है। कुछ समय पहले विदेश मंत्रालय ने एक प्रेस रिलीज जारी की थी, जिसमें बताया गया था कि भारत और चीन 2025 में कैलाश मानसरोवर की पवित्र यात्रा फिर से शुरू करने की अनुमति दी है। जोकि शिव भक्तों के लिए काफी बड़ी खुशखबरी है। कोविड 19 महामारी के बाद से यह यात्रा बंद कर दी गई थी। लेकिन अब करीब 5 साल बाद फिर ये यह यात्रा शुरू होने जा रही है। ऐसे में अगर आप भी कैलाश मानसरोवर की यात्रा करना चाहते हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कैलाश मानसरोवर यात्रा के रूट के बारे में बताने जा रहे हैं।

**मानसरोवर यात्रा का रूट :** सिक्किम के लिपुलेख पास के रास्ते के अलावा नाथुला मार्ग से भी कैलाश मानसरोवर यात्रा हो सकती है। साल 2015 में इस मार्ग को खोला गया था। यह एक छोटा और आसान रास्ता है। ऐसे में तीर्थयात्री सिक्किम की राजधानी गंगटोक में भारत-चीन सीमा पार करके अपनी यात्रा शुरू करते हैं। फिर वह पवित्र झील मानसरोवर की तरफ बढ़ते हैं, जहां से हिंदुओं, बौद्धों और जैनियों के लिए पवित्र आध्यात्मिक स्थल कैलाश पर्वत की परिक्रमा करते हैं। उत्तराखंड, दिल्ली और सिक्किम राज्य सरकारों के सहयोग से कैलाश मानसरोवर की यात्रा आयोजिक की जाती है। इसमें भारत-तिब्बत सीमा पुलिस का भी सहयोग होता है।

**नाथुला मार्ग :** यदि आप इस तीर्थयात्रा के लिए नाथुला मार्ग चुनते हैं, तो सिक्किम सरकार का कहना है कि दो केंद्र स्थापित किए जाएंगे। एक केंद्र 16वें मीट पर और दूसरा हूंग झील के बगल में होगा। यह केंद्र यात्रियों को स्वास्थ्य सेवाएं, सुरक्षित रूप से आवास और अन्य आवश्यक सुविधाएं प्रदान करेंगे। वहीं अगर आप भी कैलाश मानसरोवर की यात्रा के लिए इसी मार्ग से आने का प्लान कर रहे हैं, तो इस मार्ग के बारे में पूरी जानकारी जरूर रखें।

**सुरक्षित का नाथुला मार्ग :** सिक्किम में नाथुला मार्ग को इस तीर्थयात्रा के लिए सबसे सेफ और अच्छा ऑप्शन माना जाता है। क्योंकि इस क्षेत्र की सड़कें काफी अच्छी बनी हैं और आमतौर पर यहां का वातावरण भी शांत रहता है। इतना ही नहीं पूरे रास्ते में तीर्थयात्रियों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा गया है। यात्रा के दौरान समय-समय पर पुलिसकर्मी भी दिखेंगे।

**रजिस्ट्रेशन जरूर कराएं :** बता दें कि कैलाश मानसरोवर की यात्रा के लिए विदेश मंत्रालय ने तीर्थयात्रियों को पहले रजिस्ट्रेशन कराए जाने का आदेश दिया है। तीर्थ यात्रियों से आग्रह किया जाता है कि जून-अगस्त 2025 की यात्रा के दौरान कठिन ऊंचाई वाली परिस्थितियों के लिए शारीरिक रूप से तैयार रहें। इसके साथ ही परमिट और वैध पहचान आदि जैसे जरूरी डॉक्यूमेंट्स साथ रखें।

## सेहत

### हीट हेडेक की समस्या होने पर इन लक्षणों को न करें नजरअंदाज

गर्मियों के मौसम में गर्म हवाएं, चिलचिलाती धूप और शरीर में पानी की कमी के कारण सिरदर्द की समस्या आम हो जाती है। मेडिकल की भाषा में इसको हीट हेडेक कहा जाता है। एक रिपोर्ट के मुताबिक तेज गर्मी और कम वायुदाब से सिरदर्द का खतरा बढ़ता है, हालांकि सही जानकारी और कुछ सुरक्षा उपायों से आप सिरदर्द की समस्या से बचा जा सकता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको गर्मियों में होने वाले सिरदर्द के बारे में बताने जा रहे हैं। साथ ही यह भी जानेंगे कि गर्मी में सिरदर्द की समस्या क्यों बढ़ जाती है और इससे बचने के लिए क्या उपाय करने चाहिए।

**सिरदर्द के अलावा अन्य लक्षण :** हेल्थ एक्सपर्ट की मानें, तो गर्मी में सिरदर्द होने के साथ मुंह और होंठों का सूखना, कमजोरी और चक्कर आना जैसे अन्य लक्षण दिख सकते हैं।

**हीटस्ट्रोक के कारण सिरदर्द होना खतरनाक :** बता दें कि हीट स्ट्रोक एक गंभीर स्थिति होती है। इसमें बॉडी का टेंपरेचर 39.4त्उ से ऊपर होने के साथ तेज सिरदर्द होता है और बेहोशी आदि के लक्षण हो सकते हैं। यह एक मेडिकल इमरजेंसी है। ऐसे स्थिति में बिना देर किए डॉक्टर को दिखाना जरूरी होता है।

**माइग्रेन और गर्मी के कारण होने वाले सिरदर्द में अंतर:** आमतौप पर माइग्रेन में सिर के एक तरफ तेज दर्द होता है। साथ ही इसमें साउंड और लाइट के प्रति सेंसिटिविटी और मतली भी लग सकती है। वहीं गर्मी के कारण होने वाला सिरदर्द तेज लू, डिजाइड्रेशन या हाई टेंपरेचर के कारण होता है। इस दौरान पूरे सिर में दर्द, सिर भारी लगना या थकावट जैसी समस्या होती है। जहां माइग्रेन एक न्यूरोलॉजिकल समस्या है, तो वहीं हीट हेडेक मौसम और बाहरी परिस्थितियों के कारण होता है।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in** **email : metrorays.ranchi@gmail.com**

# पलामू पुलिस ने 5 अपराधियों को किया गिरफ्तार रंगदारी वसूलने के लिए बनाया था गिरोह

संवाददाता

**पलामू:** स्टोन क्रशर, माइंस समेत कई परियोजनाओं से रंगदारी वसूलने वाले गिरोह के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है. पलामू पुलिस ने सर्च अभियान के दौरान पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार अपराधियों के पास से पुलिस ने बड़ी तादाद में हथियार एवं अन्य सामग्री को बरामद किया है.

जानकारी के मुताबिक अपराधियों ने क्षेत्र में नया आपराधिक गिरोह खड़ा किया था. यह गिरोह नक्सलियों के प्रभाव वाले इलाके में सक्रिय था ताकि रंगदारी आसानी से मिल सके. 28 मई को पलामू के छतरपुर थाना क्षेत्र के जौरा माइंस रोड में अज्ञात अपराधियों ने दो हाईवा को जलाया था. पुलिस, घटना के बाद से सर्च अभियान चला रही थी और जांच कर रही थी. पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार अपराधियों की एक-दूसरे से मुलाकात जेल में हुई थी. जिसके बाद सभी ने आपराधिक गिरोह को खड़ा किया था. गिरफ्तार अपराधी विकास उरांव, मोहम्मद याद अली, सकेंद्र उरांव, पंचम सिंह ठाकुर, जमशेद आलम पलामू के छतरपुर मुनकेरी, कउवल क्षेत्र के रहने वाले हैं.



### रंगदारी देने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई: एसपी

एसपी रीष्मा रमेशन ने बताया कि गिरोह के खिलाफ कार्रवाई के दौरान पुलिस को कई जानकारी मिली है. पुलिस को रंगदारी देने वालों के नाम मिले हैं. पुलिस की जांच के दौरान रंगदारी देने वालों ने सहयोग नहीं किया है जबकि कार्रवाई के दौरान कई लोगों ने सहयोग किया है. एसपी ने बताया कि लेवी देने वालों के खिलाफ कार्रवाई होगी.

पुलिस की छापेमारी टीम में छत्तरपुर एसडीपीओ अवध कुमार, छत्तरपुर थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद, नावाबाजार थाना प्रभारी संजय यादव, नौडीहा बाजार थाना प्रभारी अमित द्विवेदी, सब इंस्पेक्टर राहुल कुमार, सुशील उरांव, इंद्रजीत राणा, अनिल कुमार, अशोक टोप्पो, एएसआई राजीव कुमार समेत कई पुलिस अधिकारी शामिल थे.

## उद्यान विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक



**साहिबगंज**:उद्यान विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं से संबंधित बैठक उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में बैठक की गई।वित्तीय वर्ष 2025-26 उद्यान विभाग द्वारा किए जाने वाले कार्यों की रूपरेखा के बारे में विस्तृत जानकारी ली गई। उपायुक्त ने उपस्थित पदाधिकारी को निर्देश दिया कि उद्यान विभाग द्वारा विभिन्न प्रकार की कृषि संबंधित कार्यों को अधिक से अधिक पहाड़िया -आदिवासी ग्रामों में कराना सुनिश्चित करें, साथ ही इसके लिए उच्च श्रेणी की प्रशिक्षण आयोजित कराया जाए एवं इससे संबंधित सभी विभागों से आपसी सामंजस्य बनाकर कार्य करें।बैठक में उद्यान पदाधिकारी अमितेश रंजन एवं अन्य उपस्थित थे।

# किसी विशेष व्यक्ति ने टेंडर प्रक्रिया को रोक दिया और आज तक कार्य शुरू नहीं हो सका : अनंत

मेट्रो रेज

**साहिबगंज:** एक सप्ताह के अंदर सड़क निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ तो आम जनता के साथ मिलकर आंदोलन करेंगे। यह बातें राजमहल के पूर्व विधायक अनंत ओझा ने प्रेस वार्ता कर कहते हुए कहा कि मिजाचौकी से साहिबगंज व राजमहल तक की सड़क बदहाल है। वर्ष 2020 से उन्होंने मिजाचौकी से साहिबगंज शहर और नया बाजार राजमहल तक फोरलेन सड़क निर्माण करने को लेकर प्रयास किया। एनएच 80 की बदहाल स्थिति को देखते हुए विधानसभा से लेकर मुख्यमंत्री और मंत्रियों से मुलाकात कर सड़क निर्माण की दिशा में लगातार प्रयास किया। वर्ष 2024 मई माह में ही सड़क निर्माण को लेकर निविदा निकली। एनएचएआई की ओर से आरसीडी विभाग रांची को 45 करोड़ रूपया सड़क निर्माण के लिए ट्रांसफर किया गया। विभाग ने टेंडर की प्रक्रिया भी शुरू की। लेकिन किसी विशेष व्यक्ति ने टेंडर प्रक्रिया को रोक दिया और आज तक कार्य शुरू नहीं हो सका। जबकि राजमहल में सड़क निर्माण कार्य किया जा चुका है। आखिर साहिबगंज के लोगों से मुख्यमंत्री को क्या दुश्मनी है। जो अब तक सड़क नहीं बन पाई। साहिबगंज शहरवासियों के साथ सौतेला व्यवहार करना बंद होना चाहिए। कहा कि साहिबगंज की लाइफ लाइन को ही पूरी तरह बर्बाद करके रखा गया है। निविदा और कार्य आदेश के बाद भी सड़क निर्माण नहीं करना सुनियोजित साजिश है। मुख्यमंत्री साहिबगंज वासियों को किस गुनाह की सजा दे रहे हैं। विधायक ने बताया कि एनएच डिविजन देवघर के ईई रविपद मांझी ने दूरभाष पर उन्हें बताया कि शहरी क्षेत्र में सड़क निर्माण कार्य पानी का पाइप बिछाने के कारण नहीं हो सका था। अब पीएचडी विभाग से सड़क निर्माण करने के लिए क्लियरेंस मिल गया है। शहर के घोड़माड़ा पुल से बचा हुआ सड़क निर्माण कार्य जल्द से जल्द शुरू किया जाएगा। इसी माह के अंत तक निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।




# बीजों को जल्द से जल्द किसानों के बीच वितरण कराना सुनिश्चित करें : उपायुक्त

मेट्रो रेज

साहिबगंज:कृषि विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में संपन्न हुई। जबकि उपायुक्त ने उपस्थित पदाधिकारी से खरीफ फसल बीज वितरण से संबंधित आवश्यक जानकारी ली।जिला कृषि पदाधिकारी प्रमोद एक्का ने बताया कि झारखंड सरकार के द्वारा बीरसा बीज उत्पादन विनिमय वितरण तथा फसल वितरण योजना अंतर्गत विनिमय वितरण कार्यक्रम तथा बीज उत्पादन योजना अंतर्गत खरीफ 2025 में किसानों के बीच वितरण हेतु धान,मक्का,अरहर, उरद, मूंगबीन,मूंगफली, तिल, रागी एवं ज्वार का बीच जिला में आवंटित किया गया है। आवंटित बीजों को किसानों के बीच 50% प्रतिशत अनुदानित दर पर लैंप्स,पैक्स एवं पीजी, कृषि उत्पादक संगठन के द्वारा वितरण किया जाएगा।उपायुक्त ने निर्देश दिया कि इन बीजों को जल्द से जल्द किसानों के बीच वितरण कराना सुनिश्चित करें ताकि किसान इसका लाभ उठा सके।बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी प्रमोद एक्का एवं संबंधित सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।



# सीता सोरेन ने अपने पीए पर लगाया चेक पर फर्जी हस्ताक्षर कर लाखों रुपये निकालने का आरोप, एफआईआर दर्ज

संवाददाता

दुमकाः जिले के जामा विधानसभा क्षेत्र से तीन बार विधायक रह चुकीं सीता सोरेन जो शिबू सोरेन की पुत्र वधू है, उन्होंने अपने निजी सहायक रह चुके देवाशीष मनोरंजन घोष पर चेक बुक में फर्जी हस्ताक्षर कर लाखों रुपए निकासी करने का आरोप लगाया है. इस बाबत सीता सोरेन ने दुमका नगर थाने में एफआईआर दर्ज करायी है. गौरतलब है कि सीता सोरेन 2009 से 2024 तक लगातार जामा की एमएलए रही हैं. वर्ष 2024 के विधान सभा चुनाव में वह भाजपा के टिकट पर जामताड़ा क्षेत्र से चुनावी मैदान में उतरी थीं. फर्जीवाड़ा कर खरीदी गाड़ी और सोने के जेवरात भाजपा नेत्री सीता सोरेन ने दुमका नगर थाना में आवेदन दिया है, उसके अनुसार 2024 के विधानसभा चुनाव में उन्होंने जामताड़ा विधानसभा से चुनाव लड़ा था. इस दौरान देवाशीष मनोरंजन घोष जो जगन्नाथपुर थाना, जिला - रांची , को उन्होंने अपने व्यक्तिगत सहायक के रूप में रखा था. देवाशीष मनोरंजन घोष सीता सोरेन का सारा कामकाज देखने लगा था. विधान सभा चुनाव का भी सारा हिसाब वही रख रहा था. चुनाव संपन्न होने के बाद जब सीता सोरेन ने मार्च 2025 में उससे हिसाब मांगा तो उसने कहा कि सारा हिसाब आपको दे देंगे. परंतु काफी दिनों तक उसने हिसाब नहीं दिया. इस पर सीता सोरेन को शंका हुई तब अपने स्तर पर उन्होंने इसकी जांच की तो पता चला कि चुनाव में जो रकम पार्टी द्वारा दिया गया था उसमें काफी घपला हुआ है. सीता सोरेन का कहना है कि जब हमने अपना चेकबुक मांगा तो उसने शुरू में आनाकानी की और बाद में जब चेक दिया तो उसने मेरा जाली हस्ताक्षर कर रखा था. पहले उसके अपने बैंक खाते में मामूली रकम थे पर चुनाव के दौरान उसके खाते में काफी रुपए का लेनदेन देखने को मिला. उसने पश्चिम बंगाल से एक गाड़ी भी खरीदी.



### क्या कहती हैं सीता सोरेन

इस एफआईआर के संबंध में पूर्व विधायक सीता सोरेन ने ईटीवी भारत से फोन पर बातचीत में कहा कि देवाशीष मनोरंजन घोष को हमने निजी सहायक के रूप में रखा था पर उसने विधानसभा चुनाव के दौरान रुपये की काफी गड़बड़ी की. यही वजह थी कि मेरा चुनाव का प्रबंध सही ढंग से नहीं हो पाया. उन्होंने कहा कि पुलिस उस पर कठोर कानूनी कार्रवाई करें.

### क्या कहते हैं एसपी

इस पूरे मामले पर दुमका एसपी पीतांबर सिंह खेरवार ने कहा कि सीता सोरेन के आवेदन पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है. इसका अनुसंधान किया जाएगा और उस अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी.

## बच्चो ने अपना अपना अनुभव भी सुनाया की मेडिटेशन हमारे जीवन मे बहुत जरूरी है :अजय



मेट्रो रेज

साहिबगंजः प्रजापति ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय साहिबगंज शाखा के स्थानीय सेवा केंद्र छोटा पचगढ़ जिरवाबाड़ी स्थित डॉक्टर अजय कुमार सिंह व राजेश सिंह के मकान मे दो दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया।इस आयोजन का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया।इस कार्यक्रम के सुबह व शाम के सत्र में शामिल सैकड़ो बच्चों ने इसका लाभ लिया। वही कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में कोलकाता बारानगर सेवा केंद्र से आई राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी पिंकी व स्मृति उपस्थिति रही। साहिबगंज सेवा केंद्र के संचालिका बी के बिंदु दीदी ने कहा की इस समर कैंप में बच्चों को कई एक्टिविटी कराए गए.प्रार्थना नित्य व मेडिटेशन के माध्यम से बच्चों की प्रतिमा निखारा गया।वही सभी बच्चो ने अपना अपना अनुभव भी सुनाया की मेडिटेशन हमारे जीवन मे बहुत जरूरी है।जो हमारी एकाग्रता की शक्ति को बढ़ाती है।

# देवघर पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी राष्ट्रपति के कार्यक्रम को लेकर कही यह बात

मेट्रो रेज

**देवघर:** सावन की तैयारी को देखते हुए झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी सोमवार को देवघर पहुंचे. देवघर पहुंचते ही उन्होंने पूरे जिले के स्वास्थ्य व्यवस्था का जायजा लिया. इसके साथ ही अस्पताल पदाधिकारियों को कई अहम दिशा निर्देश भी दिए. इस दौरान मीडिया से बात करते हुए कहा कि देवघर जिले में आगामी 15 जुलाई से श्रावणी मेला की शुरूआत हो रही है. जिसको देखते हुए स्वास्थ्य विभाग सजग है. मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि सरकार राज्य में स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है. इसी के मद्देनजर सभी जिले के सदर अस्पताल में सीटी स्कैन और एमआरआई जांच की व्यवस्था की जा रही है. उन्होंने कहा कि सभी सरकारी अस्पतालों में सीटी स्कैन और एमआरआई मशीन लगाए जाएंगे और उसे पीपीपी मोड पर चलाया जाएगा.



### बेहतर स्वास्थ्य सुविधा के लिए सरकार तत्परः मंत्री

स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि सरकार का प्रयास है कि जनता को बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था मिले. मंत्री ने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था मुहैया कराने के साथ डॉक्टरों की कमी को भी दूर करने का प्रयास सरकार द्वारा किया जा रहा है.

उन्होंने कहा कि सरकार पूरे राज्य में मेडिकल कॉलेजों की संख्या बढ़ाने में जुटी हुई है. मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि उन्होंने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से बात की है और उन्हें आश्वासन मिला है कि झारखंड में जल्द ही तीन नए मेडिकल कॉलेज खोले जाएंगे.

### 10 जून को राष्ट्रपति पहुंचेंगी देवघर

वहीं 11 जून को देवघर के एम्स में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के होने वाले कार्यक्रम को लेकर मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि कार्यक्रम की जानकारी एम्स के निदेशक ने दी है. उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति के कार्यक्रम में वह मौजूद जरूर रहेंगे. वहीं सांसद निशिकांत दुबे के कार्यक्रम में आने के सवाल पर मंत्री इरफान अंसारी कुछ भी कहने से बचते नजर आए. लेकिन उन्होंने कहा कि यदि स्थानीय सांसद होने के नाते वह कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे तो अच्छा रहेगा. मंत्री इरफान अंसारी ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि देवघर में एम्स को लाने का क्रेडिट कांग्रेस को जाता है. उन्होंने कहा कि तत्कालीन सांसद फुरकान अंसारी ने एम्स को देवघर में स्थापित करने का प्रयास किया था. लेकिन सरकार परिवर्तन होने के कारण फीता भाजपा सरकार में काटा गया. स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी के देवघर आगमन के दौरान जिले के कांग्रेस कार्यकर्ता और स्थानीय नेता उनके साथ मौजूद रहे.

## न्यूज IN ब्रीफ

### बॉल लाने के लिए गहरे पानी में उतरने से हुआ हादसा दो बालक की मौत



साहिबगंजः बरहेट थाना क्षेत्र अंतर्गत बरमसिया गांव में खेलने के दौरान दो बालक की तालाब में डूबने से मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार नव निर्मित तालाब में बॉल देख गांव का ही सात वर्षीय रोशन कुमार पंडित आठ वर्षीय अभिषेक कुमार पंडित उसे निकालने तालाब में उतर गया। इस दौरान दोनों गहरे पानी में डूब गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तालाब किनारे एक बच्चे को रोता देख कुछ युवकों ने पूछताछ की तो दो बालक के डूबने की उन्हें जानकारी मिली। जिसके बाद तत्काल युवकों ने तालाब में खोजबीन कर दोनों बालक को बाहर निकाला। लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। दोनों को बालकों को चंद्रगोड़ा स्थित प्रेम ज्योति सामुदायिक अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। वहीं गांव में मातमी सन्नाटा पसर गया है।

### अचानक भाला फेंकने के दौरान बायां हाथ में लगा खिलाड़ी घयल

**साहिबगंज :** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र सिद्दो कान्हु स्टेडियम में भाला फेंकने के दौरान एक किशोर को हाथ में भाला लग गया।सहयोगियों की मदद से आनन -फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया।जहां डा केशव कृष्णा ने प्राथमिक उपचार कर घर भेज दिया।घायल जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के अंजुमन नगर निवासी मो. रफीक के 13 वर्षीय पुत्र मो. नजीर हैं। घायल नजीर ने बताया कि हमलोग रोज की तरह सिद्दो कान्हु स्टेडियम में एथलेटिक्स भाला फेंक का अभ्यास कर रहे थे।तभी अचानक भाला फेंकने के दौरान बायां हाथ में लग गया। जिसके कारण हाथ में गहरे जख्म हो गया।

### महिला स्वास्थ कर्मी चंद्रकला सिस्टर के साथ मारपीट करने का मामला प्रकाश में



**साहिबगंज :** जिले सबसे बड़े सदर अस्पताल में सोमवार की सुबह प्रसव कराने आए मरीज के परिजनों ने अस्पताल के महिला स्वास्थ कर्मी चंद्रकला सिस्टर के साथ मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। वही महिला स्वास्थ कर्मी चंद्रकला ने बताया कि बीते शनिवार की प्रसव के लिए आई महिला बिंदिया कुमारी उम्र 25 वर्ष पति संतोष सिंह छोटी भागियामारी निवासी है। जिससे प्रसव के लिए एडमिट किया गया था।जब मरीज के परिजनों ने नोर्मल डिलीवरी कराने की मांग की जहां डॉ के द्वारा नोर्मल डिलीवरी की प्रयास किया जा रहा है। वही डॉ पूनम कुमारी ने बीते रविवार को मरीज को चेक कर वेट एंड वॉच करने को कहा।जहां सोमवार की सुबह स्वास्थ कर्मी चंद्रकला के द्वारा मरीज के परिजन को बुलाया और इंतजार करने की बात कहीं।तभी अचानक मरीज के परिजन आया और लोहे के रॉड से मारने व धमकी देने लगा। जबकि हो हल्ला होने पर किसी तरह जिरवाबाड़ी थाना पुलिस को सूचना दी गई। वही जिरवाबाड़ी थाना पुलिस अपने दल बल के साथ मौके पर पहुंचे दोनों पार्टी को शांत कराया।

### विजय ने बाइक चोरी होने की शिकायत नगर थाना पुलिस से की

**साहिबगंज:** नगर थाना क्षेत्र के नॉर्थ कॉलोनी क्वार्टर नंबर 213 बी के निवास विजय कुमार झा का बाइक जेएच18 एफ 5253 उनके ही क्वार्टर के आंगन से चोरों ने चोरी कर ली। विजय ने बाइक चोरी होने की शिकायत नगर थाना पुलिस से किया है। विजय ने बताया कि अपने क्वार्टर के आगंन में हमेशा की तरह बाइक लगाकर रात में सोने चला गया। सुबह देखा तो बाइक नहीं है इधर-उधर खोजबीन भी की लेकिन कुछ पता नहीं चला।चोरों ने तीन से छह के बीच में बाइक चोरी की घटना को अंजाम दिया है। इधर थाना प्रभारी को सूचना मिलते ही मामले की छानबीन में जुट गए।

### अपराधियों के तांडव से पत्थर व्यवसाय में दहशत का माहौल

**अपराधियों ने हाईवे और पोकलेन को किया आग के हवाले**



**साहिबगंज:** विदीत हो कि मिजाचौकी थाना क्षेत्र के दामिन भट्ठा स्थित जय माता दी स्टोन वर्क के पत्थर खदान में खड़ी दो हाईवे और दो पोकलेन को अज्ञात अपराधियों ने बीते रात को आग के हवाले कर दिया। जिससे हाईवे और पोकलेन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया ।जबकि इस घटना की सूचना मिजाचौकी थाना प्रभारी रूपेश कुमार को मिलते ही अपने बलदल के साथ घटनास्थल पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी। मिली जानकारी के अनुसार 10 से 15अपराधियों की संख्या में पहुंचकर सबसे पहले नाइट गार्ड को अपने कब्जे में लेकर दो पोकलेन और हाईवे में आग लगा दिया ।इसके बाद सभी अपराधी घटना स्थल से फरार हो गए। जबकि इस घटना से पत्थर खदान के संचालकों में दहशत का माहौल बना हुआ है। हालांकि पुलिस प्रशासन इस घटना को लेकर प्रत्येक बिंदुओं पर जांच प्रक्रिया शुरू कर दिया है।

### जल छाजन अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित

**साहिबगंज:** जलछाजन अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में की गई।जिला में जलछाजन से संबंधित विभिन्न योजनाओं की क्रियावायन से संबंधित विस्तृत जानकारी पीपीटी के माध्यम से दी गई। उपायुक्त ने उपस्थित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी योजनाओं को जल्द से जल्द पूरा कर सभी पूर्ण कार्यों का ड्रोनोग्राफी कराया जाए।बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी प्रमोद एक्का एवं अन्य सभी संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

पुराने घर और स्कूल को अभिनेत्री ने किया याद, बोलीं-

# यहीं से 17 साल की आयशा की बदली जिंदगी...



हाल ही में भारतीय अभिनेत्री आयशा खान ने सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें शेयर कीं हैं, जिसमें उन्होंने अपने पुराने दिनों को याद किया है। सनी देओल अभिनीत फिल्म जाट से चर्चा में रहने वाली अभिनेत्री आयशा खान सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। हाल ही में उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर कीं हैं, जिसमें वो किसी बुजुर्ग महिला के साथ दिख रही हैं और उन्हें खूब प्यार दे रही हैं। इसके साथ ही उन्होंने कुछ पुराने दिनों की याद को भी ताजा किया है।

### आज्जी से मिली आयशा खान

अभिनेत्री आयशा खान ने अपने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें साझा कीं हैं। पहली तस्वीर में एक्ट्रेस किसी अत्यंत बुजुर्ग महिला को गले लगाए दिख रही हैं और एक तस्वीर में वह उनसे बातें भी कर रही हैं। एक्ट्रेस की ये तस्वीर किसी वृद्धाश्रम की लग रही हैं। इसके साथ आयशा ने कैप्शन में लिखा, 'आज्जी से मिली, उनसे मिलकर हर बार ऐसा लगता है की अभी हमने जिंदगी देखी ही कितनी है। आज्जी कहती है कि सूखी रहा, जो आया है संसार में वो एक दिन चला भी जाएगा, किस बात का घमंड, कैसा गुरूर?' अभिनेत्री ने अपने बचपन के स्कूल का भी दौरा किया और साथ ही अपना पुराना घर भी देखा, जिसकी तस्वीर भी एक्ट्रेस ने शेयर की है। तस्वीरों को साझा करते हुए उन्होंने सबके बारे में कैप्शन में बताया भी है। स्कूल के बारे में आयशा ने कहा, अपना स्कूल देखा बाहर से, क्योंकि गर्मी की छुट्टियां चल रही है तो अंदर जा नहीं पाए, बस यादें ताजा हो गईं।' इसके अलाव एक्ट्रेस के घर के बारे में बताया, 'अपने दोनों पुराने घर देखे, जहां बचपन बीता, और एक घर जहां से 17 साल की आयशा ने फैसला किया था के जिंदगी में कुछ बड़ा करना है। मां-बाप को बेहतर जिंदगी देनी है, वो गली अब भी वैसी ही है। गली जहां, किसी के घर कुछ हो जाए तो पूरा मोहल्ला इखट्ठा हो जाता है।

### आयशा खान के बारे में

आयशा खान बिग बॉस 17 से मशहूर हैं और वह एक सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर के तौर पर भी जानी जाती हैं। हाल ही में अभिनेत्री को सनी देओल अभिनीत फिल्म जाट में भी देखा गया था। इसके अलावा उन्होंने तेलुगु फिल्मों में भी काम किया है।



# जारी हुआ मां का पहला पोस्टर, शौतान से आंख मिलाती नजर आई काजोल

अभिनेत्री काजोल इन दिनों सुर्खियों में हैं। वह अपनी आने वाली फिल्म मां को लेकर उत्साहित हैं। काजोल ने सोशल मीडिय प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर अपनी आने वाली फिल्म मां का पोस्टर जारी किया है।

अभिनेत्री काजोल इन दिनों सुर्खियों में हैं। वह अपनी आने वाली फिल्म मां को लेकर उत्साहित हैं। काजोल ने सोशल मीडिय प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर अपनी आने वाली फिल्म मां का पोस्टर जारी किया है। पोस्टर में काजोल और एक शैतान नजर आ रहा है। दोनों एक दूसरे को गुस्से से देख रहे हैं। दोनों एक दूसरे पर चिल्लाते हुए नजर आ रहे हैं। पोस्टर के ऊपर लिखा है रक्षक, भक्षक और मां।



पूनम पांडे ने 39 साल बड़े एक्टर संग दिए थे इंटीमेट सीन, बोली -

# बेडरूम सीन करते समय वह...

**पूनम पांडे फिल्मों में अपनी बोल्डनेस के लिए चर्चा में रहती हैं. उन्होंने एक बार एक एक्टर आरोप लगाया था कि उन्होंने बेडरूम सीन करते समय ऐसा काम किया वो असहज हो गई थीं.**

**बॉलीवुड** एक्ट्रेस पूनम पांडे अपनी एक्टिंग से ज्यादा अपनी बोल्डनेस के लिए मशहूर हैं. वह अपनी बोल्ड इमेज के साथ ही अपनी बेबाक बयानों के लिए भी जानी जाती हैं. पूनम पांडे ने भले ही कुछ फिल्मों में काम किया है लेकिन उन्होंने एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में काफी अच्छी पहचान बना ली है. उन्होंने एक फिल्म में 39 साल बड़े एक्टर के साथ काम किया था और जमकर इंटीमेट सीन दिए थे. इस फिल्म के रिलीज के दौरान पूनम पांडे आरोप लगाया था कि एक एक्टर ने उन्हें इंटीमेट सीन में असहज कर दिया था. हालांकि, एक्ट्रेस ने एक्टर का नाम नहीं लिया था.

पूनम पांडे ने मीटू कैंपेन के दौरान एक बयान दिया था और लोगों को हैरान कर दिया था. दरअसल, पूनम पांडे का कहना था कि वह एक सीनियर एक्टर के साथ शूटिंग कर रही थी और इस दौरान उन्हें असहजता हुई थी.



पूनम पांडे ने बताया था कि एक उम्रदराज अभिनेता के साथ इंटीमेट सीन शूट करने में उन्हें परेशानी हुई थी. बेड पर शूटिंग के दौरान उन्हें महसूस हुआ कि अभिनेता मौके का फायदा उठाते हुए रील लाइफ को भूलकर रियल लाइफ में पहुंच गया है.

पूनम पांडे ने आगे कहा था कि एक्टर ने सारी हदें पार दीं. उन्होंने कहा था कि वह इस घटना को भुला नहीं पाई लेकिन वह उस एक्टर का सामना नहीं करना चाहती हैं. हालांकि, पूनम पांडे उस एक्टर का नाम नहीं लिया था. पूनम पांडे ने कहा था, मैं उनका नाम नहीं लेना चाहती हूं लेकिन इतना जरूर कहूंगी कि मेरी उम्र उनकी एक बेटी है. इसके बाद लोगों ने आइडिया लगा लिया था कि वह शक्ति कपूर के बारे में बात कर रही हैं.

शक्ति कपूर और पूनम पांडे ने साल 2018 में रिलीज हुई फिल्म द जर्नी ऑफ कर्मा में काम किया था. इस फिल्म में दोनों के बीच जमकर इंटीमेट सीन थे. दोनों स्टार्स के बीच बोल्ड सीन काफी चर्चा में रहे थे.

फिल्म द जर्नी ऑफ कर्मा के समय शक्ति कपूर की उम्र 66 साल थी. वहीं, पूनम पांडे की उम्र सिर्फ 27 साल की थी. शक्ति कपूर और पूनम पांडे ने बेडरूम सीन के अलावा पूल में जमकर बोल्ड सीन दिए थे. पूनम पांडे ने जब ये आरोप लगाया था तब फिल्म द जर्नी ऑफ कर्मा रिलीज होने वाली थी. यहां तक कि पूनम पांडे इस फिल्म के ट्रेलर लॉन्चिंग के मौके पर भी शामिल नहीं हुई थीं.



# ओटीटी पर आते ही ट्रोल हुई सलमान खान की फिल्म 'सिकंदर'

**सलमान** खान और रश्मिका मंदाना की फिल्म 'सिकंदर' ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर 25 मई से स्ट्रीम की जा रही है। इस फिल्म के रिलीज होते ही काफी ट्रोल और बैश किया जा रहा है। सलमान खान की मच अवेटेड फिल्म 'सिकंदर' भले ही ईद के मौके पर बॉक्स ऑफिस पर रिलीज़ हुई हो और 200 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन कर चुकी हो, लेकिन ऑडियंस और क्रिटिक्स की तरफ से इस फिल्म को बिल्कुल भी अच्छी प्रतिक्रिया नहीं मिली। अब जब यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है, तो एक बार फिर लोगों की प्रतिक्रियाएं फिल्म को लेकर सामने आ रही हैं।

### ओटीटी पर आते ही ट्रोल हुई फिल्म

25 मई को नेटफ्लिक्स पर 'सिकंदर' की रिलीज के बाद एक्स और इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर लोगों ने फिल्म की स्टोरीलाइन, निर्देशन और अभिनय को लेकर अपनी नाराजगी जाहिर की।

कई यूजर्स ने तो यह तक लिख दिया कि वो फिल्म के 10 मिनट भी नहीं देख सके। एक यूजर ने तंज कसा, 'अगर आपने ये फिल्म देख ली तो आपके पास बहुत हिम्मत है।'

### सलमान की शाहरुख खान से तुलना

फिल्म की आलोचना करते हुए एक यूजर ने लिखा, 'सिकंदर जैसी फिल्में सलमान खान को अब नहीं करनी चाहिए। शाहरुख खान की एक्शन फिल्मों से कुछ सीखें। उन्होंने पिछले कुछ समय में जबरदस्त ग्रोथ दिखाई है।' कई दर्शकों ने दक्षिण भारतीय निर्देशक ए आर मुरुगादॉस की शैली पर ही सवाल उठा दिया और कहा कि हिंदी दर्शकों के भाव उनसे नहीं जुड़ते।

### कहानी और किरदारों पर उठे सवाल

फिल्म की कहानी एक ऐसे व्यक्ति संजय राजकोट की है, जो एक भ्रष्ट राजनेता के खिलाफ लड़ाई लड़ता है। लेकिन इस गंभीर मुद्दे को जिस तरीके से दिखाया गया है, उसे दर्शकों ने 'बचकाना' और 'बिना लॉजिक का' बताया। एक यूजर ने तीखी टिप्पणी करते हुए कहा, 'एक आदमी हजारों लोगों को इसलिए मार देता है क्योंकि वो अपनी पत्नी को समय नहीं दे पाया... क्या सोच है भाई!'

### डायलॉग-म्यूजिक भी नहीं आया पसंद

रश्मिका मंदाना और सलमान खान की केमिस्ट्री पर भी लोगों ने सवाल उठाए, खासतौर पर उम्र के फर्क को लेकर फिल्म में डाले गए डायलॉग पर। इसके अलावा, लता मंगेशकर के आइकॉनिक गाने 'लग जा गले' के रीमेक को लेकर भी फिल्म को आलोचना का सामना करना पड़ा।

### सलमान के फैंस ने किया सपोर्ट

हालांकि, पूरी तरह से नेगेटिविटी के बीच कुछ सलमान फैंस ऐसे भी थे जिन्होंने फिल्म को गेमचेंजर और 'इंडियन 2' से बेहतर बताया। एक फैन ने लिखा, 'सिकंदर में लॉजिक भले ही न हो, लेकिन एंटरटेनमेंट है। और सलमान अब भी एक्शन सीन में बॉस हैं।'



# अक्षरा सिंह को मिला बीजेएएनए यूएसए अवॉर्ड

**भोजपुरी** सिनेमा की मशहूर अभिनेत्री अक्षरा सिंह को हाल ही में अमेरिका में एक खास सम्मान से नवाजा गया है। एक्ट्रेस की प्रतिभा, मेहनत और कला को देखते हुए उन्हें बिहार झारखंड एसोसिएशन ऑफ नॉर्थ अमेरिका (बीजेएएनए यूएसए) द्वारा एप्रिसिएशन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह अवॉर्ड भारतीय संस्कृति और भोजपुरी सिनेमा में अक्षरा के योगदान को दर्शाता है। इस सम्मान को पाकर अक्षरा सिंह बेहद खुश नजर आई और उन्होंने सोशल मीडिया पर भी अपने फैंस के साथ इस खुशी को साझा किया। अक्षरा सिंह ने इंस्टाग्राम पर अवॉर्ड लेते हुए अपनी एक फोटो शेयर की। इस फोटो में वह ब्लैक कलर की ड्रेस में नजर आ रही हैं। इस पोस्ट के कैप्शन में अक्षरा ने लिखा, कभी सोचा नहीं था कि बिहार के एक छोटे से कोने से चलकर अमेरिका की धरती पर अपने राज्य और देश का प्रतिनिधित्व करूंगी। आज जब बीजेएएनए यूएसए से मुझे एप्रिसिएशन अवॉर्ड मिला, तो वह सिर्फ एक अवॉर्ड नहीं था, वह मेरी मेहनत, संघर्ष और सपनों की जीत थी। उन्होंने कैप्शन में आगे लिखा, भारत से इतनी दूर आकर जब लोग बिहार का नाम सम्मान और सराहना के साथ लेते हैं, तो लगता है जैसे वर्षों की तपस्या रंग लाई है। उस मिट्टी से जुड़ाव, जिसने मुझे सब कुछ सिखाया और आज उसी मिट्टी की खुशबू को मैंने अमेरिका तक पहुंचाया। यह अवॉर्ड सिर्फ मेरा नहीं है, यह हर उस लड़की का है जो बड़े सपने देखती है, हर उस इंसान का है जो अपनी जड़ों से जुड़े रहकर आगे बढ़ता है।

उन्होंने पोस्ट के आखिर में लिखा, दिल से धन्यवाद बीजेएएनए यूएसए को, इतनी दूर होकर भी अपने लोगों को जोड़ने, पहचान देने और सम्मानित करने के लिए। आज एक भारतीय, एक बिहारी होने पर पहले से कहीं ज़्यादा गर्व महसूस हो रहा है। बीजेएएनए बिहार झारखंड एसोसिएशन ऑफ नॉर्थ अमेरिका (बीजेएएनए) एक गैर-लाभकारी संगठन है, जिसका उद्देश्य बिहार की संस्कृति, शिक्षा, और समुदाय को बढ़ावा देना है।

# आईपीएल 2025 फाइनल से पहले बोले पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर-अभी आधा काम बाकी है

एजेंसी

**अहमदाबाद :** मुंबई इंडियंस को दूसरे क्वालिफायर में हराकर पंजाब किंग्स ने आईपीएल 2025 के फाइनल में जगह बना ली है। रविवार को मिली इस ऐतिहासिक जीत के बाद कप्तान श्रेयस अय्यर ने सोमवार को प्री मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान टीम की अब तक की यात्रा, अपनी रणनीति और फाइनल मुकाबले को लेकर खुलकर बातचीत की। श्रेयस अय्यर ने कहा, ह्लएक कप्तान का काम होता है कि वह अपने खिलाड़ियों से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करवाए। हमने टूनामेंट की शुरूआत में ही लय हासिल कर ली थी और उसके बाद हर खिलाड़ी ने जिम्मेदारी ली। हमारे पास कई युवा खिलाड़ी हैं जिन्होंने शुरूआत से ही दमदार प्रदर्शन किया है। यह हमारे फाइनल में पहुंचने की बड़ी वजह है। मुंबई इंडियंस के खिलाफ जब पंजाब की टीम शुरूआती झटकों से जूझ रही थी, तब अय्यर ने 41 गेंदों में नाबाद 87 रनों की कप्तानी पारी



खेली। इस बारे में उन्होंने कहा, ह्लमुझे हालात के अनुसार खेलना पसंद है। मैं रनरेट, पिच और गेंदबाजों को देखकर अपनी रणनीति बनाता हूं। मेरी कोशिश रहती है कि मैं मैच को अंत तक लेकर जाऊं। योजना सटीक होनी चाहिए और उसी दिन काम करनी चाहिए। जीत के बाद जहां टीम में जश्न का माहौल था, वहीं अय्यर शांत नजर आए। उन्होंने कहा, ह्लमुझे लगा कि अभी मेरा काम पूरा नहीं हुआ है। फाइनल मुकाबला अभी बाकी है। मेरा ध्यान रिकवरी पर था। मैं इसे इस सोच के साथ देखता हूं कि अभी आधा काम हुआ है, कल वापस मैदान पर उतरना है। पहले क्वालिफायर में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से मिली हार के बाद टीम ने रणनीति में बदलाव किया।

अय्यर ने कहा, ह्लहर स्थिति अलग होती है। हम उसी के अनुसार खेलते हैं। सीधी योजना के साथ नहीं चल सकते। हमारे युवा खिलाड़ी बेखौफ हैं और अब अनुभव भी ले चुके हैं। वे जल्दी हालात में ढल जाते हैं।ह्व

आखिर में अय्यर ने फाइनल के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा, ह्लजब आप मैदान पर उतरते हैं तो वहां केवल प्रतिद्वंद्विता होती है। आराम जैसी कोई चीज नहीं होती। यह जंग होती है और मैं पूरी ताकत झोंक दूंगा ताकि मेरी टीम विजेता बने। पंजाब किंग्स का मुकाबला अब आईपीएल 2025 के फाइनल में आज रात नरेंद्र मोदी इंटरनेशनल स्टेडियम, अहमदाबाद में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से होगा।

# फ्रेंच ओपन: नोवाक जोकोविच ने नोरी को हराकर लगाया जीत का शतक, नडाल के क्लब में हुए शामिल



एजेंसी

**पेरिस :** फ्रेंच ओपन के तीन बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच ने सोमवार को ब्रिटेन के कैमरून नोरी को सीधे सेटों में 6-2, 6-3, 6-2 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। इसी के साथ उन्होंने रोलां गैरों में अपना 100वां मैच जीतकर राफेल नडाल के 'सेंचुरी क्लब' में जगह बना ली है। नडाल के बाद सेंचुरी पूरी करने वाले दूसरे पुरुष खिलाड़ी नोवाक जोकोविच रोलां गैरों में 100 मैच जीतने वाले केवल दूसरे पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं। इससे पहले राफा नडाल ने यहां 112 मैच जीतकर यह उपलब्धि हासिल की थी। अब जोकोविच रिकॉर्ड 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने की ओर अग्रसर हैं। ऑस्ट्रेलियन ओपन से भी आगे निकला रोलां गैरों रिकॉर्ड जोकोविच ने फ्रेंच ओपन में अपने करियर की सबसे ज्यादा 100 जीत दर्ज की हैं, जबकि ऑस्ट्रेलियन ओपन में उनके नाम 99 जीत दर्ज हैं। हालांकि, उन्होंने मेलबर्न में रिकॉर्ड 10 बार खिताब जीता है, जबकि पेरिस में अब तक 3 खिताब अपने नाम किए हैं।बिना सेट गंवाए क्वार्टर फाइनल में पहुंचे जोकोविच इस साल जोकोविच का प्रदर्शन भले ही कुछ खास नहीं रहा हो, लेकिन उन्होंने हाल ही में अपने करियर का 100वां टूर-स्तरीय खिताब जीता और अब फ्रेंच ओपन में एक भी सेट गंवाए बिना क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं। उन्होंने नोरी के खिलाफ पहला सेट कुछ शुरूआती ब्रेक के बाद आसानी से जीता। अब जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव से होगी टक्कर तीसरे सेट में जोकोविच ने तीसरे गेम में नोरी की सर्विस ब्रेक कर दी और फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा। इस जीत के साथ उन्होंने क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है, जहां उनका सामना जर्मनी के तीसरी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी अलेक्जेंडर ज्वेरेव से होगा।

# जगन्नाथ रथ यात्रा में पहली बार लगे सुखोई फाइटर जेट के टायर, कोलकाता में तैयार हुआ विशेष रथ

एजेंसी

**कोलकाता :** इस्कॉन कोलकाता की इस साल की भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा में एक अनोखा नवाचार देखने को मिलेगा। भगवान के रथ पर अब एयरक्राफ्ट नहीं, बल्कि भारतीय वायुसेना के अत्याधुनिक सुखोई चौथी पीढ़ी के फाइटर जेट्स में इस्तेमाल होने वाले टायर लगाए गए हैं। पिछले 48 वर्षों से इस रथ पर बोइंग विमान के टायर उपयोग में लाए जा रहे थे, लेकिन अब उनकी जगह नए और अधिक टिकाऊ सुखोई टायरों ने ले ली है।



इस बार 27 जून को निकलने वाली रथ यात्रा के दौरान भगवान जगन्नाथ का रथ इन्हीं नए टायरों पर यात्रा करेगा। इस्कॉन कोलकाता के उपाध्यक्ष राधारमण दास ने ₹हिन्दुस्थान समाचार₹ को बताया कि बोइंग के टायर बनाने वाली कंपनी डनलप वर्षों पहले बंद हो चुकी थी। पिछले 20 वर्षों से रथ के चार पुराने टायरों में तकनीकी दिक्कतें आ रही थीं, जिसके चलते विकल्प की तलाश की जा रही थी। उन्होंने बताया कि सुखोई टायरों का व्यास बोइंग टायरों से मेल खाता है, इसलिए हमने एमआरएफ कंपनी से संपर्क किया, जो सुखोई के लिए टायर बनाती है। दिसंबर 2024 में एमआरएफ के विशेषज्ञ कोलकाता आए और भगवान जगन्नाथ के रथ की जांच की। इसके बाद रथ पर सुखोई टायर फिट किए गए और 31 मई को शहर में करीब 20 किलोमीटर लंबी परीक्षण यात्रा भी सफलतापूर्वक पूरी की गई। रथ की संरचना में कुछ बदलाव कर इन भारी टायरों को फिट किया गया है। राधारमण दास ने कहा कि भगवान जगन्नाथ की कृपा से इस बार रथ को नए टायर मिले हैं और हम पूरी तरह आश्वस्त हैं कि 27 जून को रथ यात्रा और पांच जुलाई को होने वाले उल्टा रथ में भगवान की यात्रा अत्यंत सुगम रहेगी। गौरतलब है कि प्रत्येक सुखोई टायर 16 टन वजन सहने की क्षमता रखता है। भगवान बलराम और सुभद्रा के रथों में पहले की तरह लोहे के पहिए ही लगे रहेंगे। जब उनसे पूछा गया कि क्या किसी अन्य जगह इस तरह फाइटर जेट टायर का प्रयोग रथ यात्रा में हुआ है, तो उन्होंने कहा कि 1977 में हमनें कोलकाता में पहली बार बोइंग टायर का उपयोग किया था। भारत या एशिया में ऐसा कहीं और होता है, इसकी हमें कोई जानकारी नहीं है। इस नवाचार ने रथ यात्रा की परंपरा में एक नया अध्याय जोड़ दिया है और भक्तों में इसको लेकर खास उत्साह देखा जा रहा है।

## जून में हिमाचल के पहाड़ों पर बर्फबारी से लौटी ठंड, तीन दिन तक अलर्ट जारी

एजेंसी

**शिमला :** जून के महीने में जब देश के अधिकांश हिस्से तपती गर्मी से झुलस रहे हैं वहीं हिमाचल प्रदेश में मौसम का अलग मिजाज देखने को मिल रहा है। राज्य के अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में ताजा बर्फबारी और मैदानों में आंधी-बारिश ने लोगों को गर्मी से राहत दिला दी है, लेकिन पर्वतीय इलाकों में ठंड फिर से लौट आई है औ? लोगों को एक बार फिर गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ रहा है। लाहौल-स्पीति, किन्नौर, कुल्लू और चंबा जिलों के ऊपरी क्षेत्रों में बीती रात ताजा हिमपात दर्ज किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार लाहौल-स्पीति जिला के हंसा क्षेत्र में करीब तीन सेंटीमीटर बर्फ गिरी है, जबकि प्रसिद्ध रोहतांग दर्रा भी पूरी तरह बर्फ से ढक गया है। इस बेमौसम बर्फबारी के चलते पर्यटन स्थलों जैसे शिमला, मनाली और डलहौजी में ठंडक का अहसास बढ़ गया है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में औसतन न्यूनतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री सेल्सियस तक नीचे चला गया है। किन्नौर के कल्पा में मंगलवार को न्यूनतम तापमान 5.4 डिग्री, लाहौल-स्पीति के केलांग में 6.1 डिग्री और कुकुमसेरी में 7.3 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। इसी तरह ताबो में तापमान 8.9 डिग्री,



शिमला में 10, मनाली में 11.5 और धर्मशाला में 15.8 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम के इन बदले तेवरों के बीच राज्य के कई हिस्सों में बीते 24 घंटों में तेज बारिश और अंधड़ दर्ज किए गए। बिलासपुर के स्लापड़ में सबसे ज्यादा 25 मिमी बारिश दर्ज की गई, जबकि मुरारी देवी में 23 मिमी, कुफरी में 19, करसोग में 17, गुलेर में 16, पंडोह में 14, सुंदरनगर में 13, शिमला और घागस में 12-12, शिलारू में 12 और गोहर में 11 मिमी वर्षा हुई। इसके अलावा नेरी, सियोबाग, ताबो, धौलाकुआं, कोटखाई और कुकुमसेरी सहित कई स्थानों पर तेज आंधी चली। इन क्षेत्रों में तेज हवाओं के कारण जनजीवन प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों के लिए राज्य भर में अलर्ट जारी किया है। आज के लिए कई जिलों में ओलावृष्टि और 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज आंधी चलने की संभावना जताई गई है। इसके मद्देनजर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। साथ ही आसमानी बिजली गिरने के खतरे को देखते हुए येलो अलर्ट भी घोषित किया गया है। चार जून को भी राज्य के कई हिस्सों में तेज हवाएं और बिजली गिरने की संभावना बनी रहेगी और इसके लिए फिर से ऑरेंज और येलो अलर्ट लागू रहेगा। पांच जून को येलो अलर्ट तो रहेगा लेकिन आंधी की तीव्रता कुछ कम हो सकती है। छह जून को मौसम खराब रहने की संभावना है लेकिन विभाग ने इस दिन के लिए कोई चेतावनी जारी नहीं की है। राहत की बात यह है कि सात जून से नौ जून तक प्रदेश में मौसम के पूरी तरह साफ रहने की संभावना जताई गई है। इन दिनों के दौरान तापमान में धीरे-धीरे बढ़ोतरी हो सकती है और गर्मी का असर बढ़ेगा।

## ज्यादा निवेश के लिए विकसित होगा आईटी सिटी- मंत्री सुनील शर्मा



**लखनऊ :** सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने मंगलवार को कहा कि लखनऊ में सुल्तानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग व किसान पथ के बीच 2,858 एकड़ में आईटी सिटी बसेगी। आईटी सिटी को ऐसे विकसित किया जाएगा, जिससे ज्यादा से ज्यादा निवेश आए। मंत्री सुनील शर्मा ने आगे कहा कि योजना के अंतर्गत 188 एकड़ में सेंट्रल पार्क और गोल्फ कोर्स भी बनेगा। इसके लिए ग्रीन बेल्ट की जमीन चिह्नित की जा रही है। दो लाख से अधिक लोगों को यहां आवासीय सुविधा मिलेगी। करीब 445 एकड़ में औद्योगिक क्षेत्र एवं व्यावसायिक गतिविधियों के लिए लिया गया है। औद्योगिक क्षेत्र से रोजगार के अवसर बढ़ेगें। उन्होंने कहा कि लखनऊ में बन रही आईटी सिटी का जमीन पर काम शुरू हुआ है, अगले कुछ महीनों में कार्य को पूर्ण करने की योजना है। इसके लिए अंतिम तिथि दीपावली 2025 रखा गया है। फिर भी आईटी सिटी के काम को और पहले पूरा कराने पर जोर दिया जायेगा।

## ब्लू वाटर लॉजिस्टिक्स की स्टॉक मार्केट में मजबूत एंट्री, खरीदारी के सपोर्ट से फायदे में आईपीओ निवेशक




एजेंसी

**नई दिल्ली :** सप्लाई चेन सॉल्यूशंस और लॉजिस्टिक सर्विस मुहैया कराने वाली कंपनी ब्लू वाटर लॉजिस्टिक्स के शेयरों की आज स्टॉक मार्केट में बढ़त के साथ एंट्री हुई। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 135 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी एंट्री 4.44 प्रतिशत लिस्टिंग गेन के साथ 141 रुपये के स्तर पर हुई। लिस्टिंग के साथ ही खरीदारी शुरू हो गई, जिसके कारण पहले दो घंटे का कारोबार होने के बाद दोपहर 11:15 बजे ये शेयर 8.15 प्रतिशत के मुनाफे के साथ उछल कर 146 रुपये के स्तर तक पहुंच गया था।

ब्लू वाटर लॉजिस्टिक्स का 40.50 करोड़ रुपये का आईपीओ 27 से 29 मई के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से एवरेज रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 9.36 गुना सब्सक्राइब हो गया था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 14.04 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 9.87 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसके अलावा रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 6.55 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले 30 लाख नए शेयर जारी किए गए हैं। आईपीओ के जरिए जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी नई गाड़ियों की खरीदारी करने, वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने और आम कॉर्पोरेट उद्देश्यों में करेगी। कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें तो प्रॉस्पेक्टस में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है। वित्त वर्ष 2021-22 में कंपनी को 1.54 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2022-23 में बढ़कर 5.94 करोड़ रुपये और 2023-24 में 10.67 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इस दौरान कंपनी का राजस्व 41 प्रतिशत वार्षिक से अधिक की चक्रवृद्धि दर (कंपाउमंड एनुअल ग्रोथ रेट) से बढ़ कर 196.29 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया।

## अयोध्याधाम के अष्ट देवालयों में प्राण प्रतिष्ठान अनुष्ठान शुरू

**अयोध्याधाम :** श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर में मुख्य मंदिर के साथ अन्य सात देवालयों में देवी-देवताओं की मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा के अनुष्ठान आज सुबह शुरू 6:30 बजे हो गए। सभी देवालयों को फूलों से सजाया गया है। स्वर्ण जड़ित शिखर कलश संपूर्ण आभा के साथ चमक रहा है। अनुष्ठान समारोह पांच जून को राजा राम की प्राण प्रतिष्ठा के साथ संपन्न होगा। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र की वेबसाइट में महत्वपूर्ण घोषणा की गई है। घोषणा के अनुसार, पांच जून को सुबह सात बजे से दोपहर तीन बजे तक कोई पास नहीं बनेंगे। साथ ही पहले से जारी किए गए पास इस अवधि में निरस्त माने जाएंगे। अनुष्ठान के तहत रामरक्षा स्तोत्र, हनुमान चालीसा और अन्य भजनों का पाठ किया जा रहा है। प्राण प्रतिष्ठा का मुख्य समारोह पांच जून को होगा। इसमें राम दरबार (श्रीराम, मां सीता, लक्ष्मण जी और हनुमान जी) की प्राण प्रतिष्ठा के साथ-साथ सात अन्य मंदिरों में प्रतिमाओं की स्थापना की जानी है।

## विश्व साइकिल दिवस : निकली साइकिल रैली, एटीएस के डिप्टी एसपी ने दिखाई हरी झंडी

एजेंसी

**वाराणसी :** विश्व साइकिल दिवस पर मंगलवार को लहुराबीर से सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय होते हुए वापस लहुराबीर तक साइकिल रैली निकाली गई। रैली को एटीएस के डिप्टी एसपी विपिन राय ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस साइकिल रैली में एनडीआरएफ के जवानों के साथ विविध संगठनों के साथ छात्रों ने भी पूरे उत्साह से भागीदारी की। साइकिल रैली में शामिल लोगों ने लोगों को साइकिल से पर्यावरण को होने वाले फायदे और लोगों को स्वास्थ्य के प्रति फायदे को भी बताया। बताते चलें कि हर वर्ष 3 जून को पूरी दुनिया में 'विश्व साइकिल दिवस' मनाया जाता है।



साइकिल चलाना सिर्फ एक्सरसाइज नहीं, बल्कि फिट रहने और स्ट्रेस कम करने का भी माध्यम है। साइकिल चलाना शारीरिक विकास में बहुत मदद करता है। इससे हड्डियां मजबूत होती हैं, मसल्स बनती हैं और दिल भी सेहतमंद रहता है. इसके साथ ही, साइकिलिंग से कंसनट्रेशन बढ़ता है, आत्मविश्वास आता है और स्ट्रेस भी कम होता है।

## दीप शेखर ने बढ़ाया मीरजापुर का मान, जेईई एडवांस 2025 में प्राप्त किया 886वां स्थान

एजेंसी

**मीरजापुर :** सफलता की एक प्रेरणादायक कहानी सामने आई है अहरौरा क्षेत्र के छोटे से गांव रामपुर ढबही से, जहां के निवासी दीप शेखर ने जेईई एडवांस 2025 में पूरे देश में 886वां स्थान प्राप्त कर मीरजापुर जनपद का नाम रोशन किया है। दीप शेखर, जो कि कृषि विज्ञान केंद्र नानपारा बहराइच में कार्यरत डॉ. सूर्यबली सिंह के पुत्र हैं, अपनी सफलता का श्रेय परिवार, विशेषकर अपनी माता मधु सिंह, अपने नाना डॉक्टर शीलवन्त सिंह (सेवानिवृत्त प्रोफेसर, केंद्रीय विश्वविद्यालय



प्रयागराज) और नानी के मार्गदर्शन को देते हैं। अयोध्या में जन्मे दीप की शिक्षा की नींव वहीं रखी गई थी। उन्होंने जिगल बेल स्कूल, अयोध्या से प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त की और फिर कोटा, राजस्थान से सीबीएसई बोर्ड में वर्ष 2023 में हाई स्कूल में 95.8 प्रतिशत और वर्ष 2025 में इंटरमीडिएट में 96 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। दीप का सपना है कि वह देश की सर्वोच्च तकनीकी संस्था से बीटेक करें और तकनीकी क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दें। उन्होंने बताया कि कठिन सवालों को सुलझाने में उनके गुरुजनों की भूमिका भी अहम रही, जिन्होंने समय-समय पर उन्हें मार्गदर्शन दिया। गांव के लोगों में भी दीप की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर खुशी की लहर दौड़ गई है। ग्रामीणों ने दीप को बधाइयां दीं।

# सराफा बाजार में सोने में जोरदार तेजी, चांदी की भी बढ़ी चमक

एजेंसी

**नई दिल्ली :** घरेलू सराफा बाजार में आज सोने के भाव में जोरदार तेजी दर्ज की गई है। सोना आज 1,200 रुपये से लेकर 1,270 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। भाव में उछाल आने के कारण आज देश के ज्यादातर सराफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 98,910 रुपये से लेकर 99,060 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 90,700 रुपये से लेकर 90,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में आज मामूली तेजी आई है। इस तेजी के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सराफा बाजार में 1,00,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 99,060



रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 90,850 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 98,910 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 90,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 98,960 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,750 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 98,910 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 90,700 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 98,910 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 90,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सराफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 99,060 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 90,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 98,960 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 90,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 99,060 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 90,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सराफा बाजार में भी आज सोने के भाव में तेजी आई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 98,910 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सराफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 90,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## न्यूज IN ब्रीफ

### छाती में गेंद लगने से बालक की मौत, परिजनों ने काटा हंगामा

**फिरोजाबाद :** क्रिकेट अकादमी में क्रिकेट खेलते समय सोमवार देर शाम छाती में गेंद लगने से एक बच्चे की हालत बिगड़ गई। उसे अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद गुस्साए परिजनों ने देर रात अस्पताल में हंगामा करते हुए तोड़फोड़ की। पुलिस ने परिजनों को समझा बुझाकर शांत किया। थाना नारखी क्षेत्र के गांव गढ़ी रंछोर निवासी सुरेंद्र सिंह का पुत्र अंश (12) टूंडली रोड स्थित फ्यूचर अकादमी में क्रिकेट सीखता था। सोमवार देर शाम फाइनल मुकाबला खेला जा रहा था। जिसमें अंश बल्लेबाजी कर रहा था। बताया जाता है कि अंश ने धुआंधार पारी खेली और तभी एक गेंद उसकी छाती में आकर लगी। जिससे वह जमीन पर गिर गया। यह देख अन्य खिलाड़ियों में हड़कंप मच गया। आनन-फानन अकादमी संचालक उसे एफएच मेडिकल कॉलेज ले गए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसकी जानकारी होते ही परिजन मौके पर आ गए और उन्होंने हंगामा शुरू कर दिया। गुस्साए परिजनों ने एफएच मेडिकल कॉलेज में तोड़फोड़ कर दी। सूचना मिलते ही थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने गुस्साए परिजनों को समझा बुझाकर शांत किया। मृतक अपने घर का इकलौता चिराग था। वहीं मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर का कहना है परिजन जब बच्चे को अस्पताल में लेकर आए तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। इस सम्बंध में थाना प्रभारी टूंडला अंजीश कुमार का कहना है बच्चे को छाती में गेंद लगने से उसकी मौत हुई है। बच्चे को अस्पताल में मृत घोषित करने के बाद परिजनों ने हंगामा किया है। मामले की जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

### चालक और खलासी सहित गायब आम लदा ट्रक, शिकायत दर्ज

**उत्तर 24 परगना :** अच्छे दाम मिलने की उम्मीद में व्यापारियों ने आठ टन पके हिमसागर आम से लदा एक ट्रक बिहार भेजा था। बीच रास्ते में चालक और दोनो खलासी सहित आम लदा ट्रक गायब हो गये। प्राप्त जानकारी के अनुसार उत्तर 24 परगना के मटिया थाने की पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के मुताबिक बशीरहाट के मटिया थाना अंतर्गत बांकी बाजार के आम व्यापारियों ने रविवार रात एक लॉरी किराए पर ली और उसमें आठ टन उन्नत किस्म के हिमसागर आम लाद दिए। बिहार के बाजार में इन आमों की भारी मांग है। ट्रक भेजते समय व्यापारियों ने चालक और दो खलासियों को यात्रा खर्च के तौर पर ?25 हजार नकद दिए थे। आम से लदे ट्रक को सोमवार शाम बिहार के बेथुआबाजार पहुंचना था। आम व्यापारियों ने वहां पूछताछ की तो पता चला कि आम से लदा ट्रक उस बाजार में पहुंचा ही नहीं है। तब उन्होंने चालक और दो खलासियों के मोबाइल पर फोन किया तो उनके मोबाइल फोन बंद थे। आम का ट्रक का कोई सुराग नहीं मिल रहा है। व्यापारियों ने आम किसानों को आश्वासन दिया था कि वे सोमवार रात को आम की कीमत चुका देंगे। आम का ट्रक गायब होने से वे परेशान हैं। उन्होंने मटिया थाने में ट्रक मालिक और चालक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। आम व्यापारी मुर्तजा मोल्लाह ने बताया, ₹बिहार के व्यापारियों से संपर्क कर हमने आठ टन पके हिमसागर आम एक ट्रक में भरकर भेज दिए। हमने चालक और दो खलासियों को रास्ते में आने वाले खर्च के लिए ?25 हजार नगद भी दिए लेकिन वे तीनों आम का ट्रक लेकर बिहार नहीं गए। उनके मोबाइल फोन बंद हैं। हमारा मानना है कि तीनों ने ट्रक गायब करने की साजिश रची।₹ पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

### पत्नी से विवाद के बाद युवक ने खुद को लगाई आग, हालत गंभीर

**मीरजापुर :** संतनगर थाना क्षेत्र के बहरछठ गांव में सोमवार रात उस वक्त हड़कंप मच गया जब घरेलू विवाद ने एक भयावह मोड़ ले लिया। 25 वर्षीय अजय ने पत्नी से कहासुनी के बाद खुद पर पेट्रोल छिड़क कर आग लगा ली। यह सनसनीखेज घटना पूरे गांव में चर्चा का विषय बन गई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अजय और उसकी पत्नी के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो रही थी। बात इतनी बढ़ गई कि मामला मारपीट तक पहुंच गया। तनाव और गुस्से में आकर अजय ने आत्मघाती कदम उठाते हुए खुद को आग के हवाले कर दिया। पत्नी की चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे परिजन ने किसी तरह आग बुझाई, लेकिन तब तक अजय 40 प्रतिशत झुलस चुका था। गंभीर हालत में उसे तुरंत पटेहरा पीएचसी ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे मंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया गया। डॉक्टरों के अनुसार, अजय की स्थिति गंभीर बनी हुई है और उसे विशेष निगरानी में रखा गया है।

### चार लुटेरे गिरफ्तार, एक को मुठभेड़ में गोली लगी

**फिरोजाबाद :** थाना टूण्डला पुलिस व सर्विलांस टीम ने सोमवार देर रात लूट के मामले में वांछित 4 लुटेरों को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान एक लुटेरा गोली लगने से घायल हो गया। जिसे उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया है। अपर पुलिस अधीक्षक नगर रवि शंकर प्रसाद ने बताया कि थाना टूंडला क्षेत्र अन्तर्गत 29 मई को कार सवार व्यक्तियों द्वारा एक सवारी से उसका बैग व 1200 रुपये की नकदी लूट ली थी। पीड़ित ने थाने पर मुकदमा दर्ज कराया था। एसएसपी सौरभ दीक्षित ने लुटेरों की गिरफ्तारी हेतु 03 पुलिस टीमों का गठन किया था। उन्होंने बताया कि थाना टूंडला प्रभारी अंजीश कुमार पुलिस टीम के साथ सोमवार देर रात क्षेत्र में गश्त पर थे तभी सूचना मिली कि वांछित अभियुक्तगण किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में ग्राम बाघई के पास घूम रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने चेकिंग की। इस दौरान पुलिस ने मनोज पुत्र अमर सिंह प्रजापति निवासी ग्राम लतीफ पुर कोटला थाना नारखी, मुकेश राजपूत उर्फ भूरा पुत्र राजवीर सिहं निवासी नगरा मुरली थाना नारखी, राहुल झा पुत्र भुवनेश्वर निवासी टापा खुर्द थाना उत्तर व प्रशान्त पुत्र स्व. गजेन्द्र सिंह निवासी रैपुरा थाना टूण्डला को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में अभियुक्तगण ने लूट का माल टोल प्लाजा से बाघई रोड पर छिपाए जाने की जानकारी दी। पुलिस टीम जब अभियुक्त मनोज को लेकर मौके पर पहुँची, तो अभियुक्त मनोज द्वारा लूटे गये बैग में छिपाए हुए तमंचे से अचानक पुलिस पार्टी पर फायर कर दिया। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षा में की गयी जवाबी फायरिंग में मनोज के पैर में गोली लगने से वह घालय हो गया। अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा, 01 जिंदा कारतूस एवं 01 खोखा कारतूस बरामद हुए हैं। एएसपी ने बताया कि घायल अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### ट्रैक्टर ट्राली में घुसी मारुति वैन ,एक की मौत

**बाराबंकी :** दावत से लौट रहे लोगों से भरी तेज रफ्तार वैन आगे जा रही ट्रैक्टर ट्राली में जा घुसी हादसे में वैन सवार एक युवक की मौत हो गई जबकि 7 लोग घायल है पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल भेजा जहां से तीन को ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया। बीती सोमवार की रात सतरिख थाना के ग्राम करौंदी कला निवासी निजामुद्दीन अपने पुत्र शाहनवाज सहित गांव के ही मोहम्मद आमान,बबलू, नफीस, अरशद ,आर्यन और सहीम मसौली में रिश्तेदार के यहां सोमवार को वैवाहिक कार्यक्रम की दावत में गए थे जहां से सभी रात में एक वैन पर सवार होकर लौट रहे थे जैदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चंदौली में तेज रफ्तार वैन अनियंत्रित होकर आगे जा रही ट्रैक्टर ट्राली में जा टकराई ।

न्यूज ब्रीफ

## देवघर के उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा मुख्यमंत्री से मिले



**मेट्रो रेज संवाददाता :** देवघर के उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा आज मुख्यमंत्री आवास कार्यालय में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर उन्हें शुभकामना दी और पुष्प गुच्छ भेंट किया मुख्यमंत्री ने भी देवघर के उपायुक्त को उनके बेहतर कार्यों को सराहा गौरतलब हो कि इससे पूर्व श्री लकड़ा ने गिरिडीह जिला में भी अपने बेहतर कार्य प्रणाली और जिला के विकास के लिए निरंतर बेहतर कार्य किया और उन्हें 26 मई को देवघर का नया उपायुक्त बनाया गया 27 मई को उन्होंने 46 में उपायुक्त के रूप अपना पदभार ग्रहण किया और उपायुक्त बनने के पश्चात मुख्यमंत्री से श्री लकड़ा कि यह शिष्टाचार मुलाकात थी विदित हो कि भारतीय प्रशासनिक सेवा 2015 के आईएएस अधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा अपने बेहतर कार्यों के फल स्वरुप लोकप्रिय उपायुक्त के रूप में पहचाने जाते हैं।

## वैवाहिक जीवन के इक्यानवें वर्षगांठ पर हार्दिक शुभकामना और बधाई



भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरीय आईएएस अधिकारी एवं पश्चिम सिंहभूम चाईबासा के उपायुक्त एवं पलामू के आयुक्त रह चुके एमपी मिश्रा एवं उनकी पत्नी शिक्षाविद एवं शिक्षिका डॉ शुभांजलि मिश्रा के शादी के इक्यावनवें वर्षगांठ स्वर्णमयी अवसर पर सभी परिजनों, मित्रगणों एवं शुभचिन्तको की ओर से हार्दिक शुभकामना और बधाई

## नन्ही आदिति ने मां दुर्गा का रुप धारण किया



**ज्योति पाठक :** चक्रधरपुर में लोको स्थित प्राचीन राम मन्दिर के पुजारी नित्यानंद पांडेय की पुत्री नन्ही अदिति ने माता पूजा के छठें दिन माँ दुर्गा का रुप धारण कर अद्भुत प्रस्तुति की। माँ दुर्गा का रुप देख उपस्थित भक्तजन और श्रद्धालु भावविभोर हो गये। इस संदर्भ में अदिति के पिता श्री पांडेय ने बताया कि बचपन से ही अदिति की इन सबमें विशेष रुचि रही है और इसी के फलस्वरूप अदिति ने मां दुर्गा का रुप धारण किया।

## पेड़ से लटका मिला युवक का शव, जांच में जुटी पुलिस

**गुमला :** गुमला जिला मुख्यालय स्थित तिर्रा पेट्रोल पंप के समक्ष स्थित एक पाकर पेड़ से लटका मिला 19 वर्षीय पवन महतों का शव , वह एक गाड़ी गैरेज में काम करता था , उसने आत्महत्या क्यों किया इसका खुलासा अब तक नहीं हो पाया हैं, उक्त सूचना मिलते ही गुमला सदर थाना प्रभारी महेंद्र कुमार करमाली ने त्वरित कार्रवाई करते हुयें, पुलिस टीम को भेजकर उक्त शव को अपने कब्जे में लेते हुऐ , पोस्टमार्टम हेतु गुमला सदर अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस भेजवाया गया जहां पोस्टमार्टम के बाद उक्त शव को उसके परिजनों को सौंप दिया गया हैं, थाना प्रभारी ने बताया की उक्त युवक अपने गमछा से फंदा बनाकर आत्महत्या कर लिया, पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही उक्त मामले का खुलासा होगा , वैसे पुलिस सभी पहलुओं पर गहराई से छानबीन और पुछताछ शुरू कर दी हैं और अनुसंधान जारी है।

## ससुराल गया युवक रहस्यमय ढंग से हुआ गायब

गुमला : गुमला जिला अंतर्गत स्थित सिसई थाना स्थित लकया नदी टोली निवासी बिरसमनी देवी ने गुमला सदर थाना स्थित डीवीडी खरका ग्राम निवासी अमित पहन से 23 मई 2025 को शादी की और 30 मई को अमित पहन के साथ अपने मायके आई, तब वह कुछ देर अपने ससुराल में रहा और मोबाइल भी चार्ज किया और उसी दिन संध्या लगभग पांच बजे वह एकाएक रहस्यमय ढंग से गायब हो गया और उसके परिजनों से पूछताछ करने पर उन्होंने भी अनभिज्ञता जाहिर कर रहे हैं, 24 घंटे बाद अमित बहन की पत्नी विरसमणी देवी ने सिसई थाने में गुमशुदा की लिखित आवेदन देकर उसे खोजने में पुलिस से सहयोग और गुहार लगाई है ।

## किशोरी ने कीटनाशक खाकर की आत्महत्या

**गुमला :** गुमला सदर थाना स्थित छोटा खटंगा ग्राम निवासी एक आठवीं कक्षा की छात्रा 16 वर्षीय (बदला हुआ नाम) अनामिका कुमारी ने रविवार को किटनाशक पदार्थ खाकर संदेहास्पद स्थिति में की गई आत्महत्या , ऐसा ग्रामीणों द्वारा बताई जा रही हैं, उक्त सूचना मिलते ही गुमला सदर थाना प्रभारी महेंद्र कुमार करमाली ने त्वरित कार्रवाई करते हुयें , गुमला पुलिस अपने दलबल के साथ उक्त घाटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन और पुछताछ शुरू कर दी हैं , गुमला सदर थाना प्रभारी महेंद्र कुमार करमाली ने बताया है की पुलिस सभी पहलुओं पर गहराई से छानबीन और पूछताछ शुरू कर दी गई है।

## ग्रामीणों की तत्परता से बाइक चोरी का आरोपी पकड़ा गया

**कोलेबिरा:** कोलेबिरा पुलिस ने बाइक चोरी के आरोप में एक नाबालिक को निरुद्ध किया है। बताया गया कि शनिवार की रात बरसलोया गांव में अज्ञात चोरों ने एक मोटरसाइकिल और एक दुकान से नकदी चोरी की थी। साथ ही, चोरी की गई बाइक को आग लगाने का भी प्रयास किया गया। चोरों ने होटल संचालक अजय गुप्ता की बाइक चोरी की और शिव गुप्ता की बाइक को आग लगाने की कोशिश की। मनोज चौरसिया के घर से नकदी वाला बक्सा चोरी करके कुछ दूर फेंक दिया गया।

# झारखंड बिहार की सीमा पर हंटरगंज थाना क्षेत्र में शराब माफियाओं पर बड़ी कार्रवाई

### पुलिस ने 15 अवैध शराब भट्ठी को किया ध्वस्त,दो तस्कर गिरफ्तार

### 125 लीटर अवैध महुआ शराब और एक बाइक जब्त

### अवैध शराब माफियाओं में मचा हड़कंप

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**चतरा :** झारखंड बिहार के सीमावर्ती हंटरगंज थाना क्षेत्र के जबड़ा गांव में सोमवार को अवैध महुआ शराब के खिलाफ हंटरगंज पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस की इस कार्रवाई ने शराब माफियाओं की कमर तोड़कर रख दी है। इस दौरान पुलिस ने 125 लीटर महुआ शराब और एक चोरी की बाइक भी जब्त किया है। हंटरगंज पुलिस ने 15 शराब भट्ठी को जेसीबी लगाकर ध्वस्त करते हुए 1500 किलो जावा महुआ को नष्ट कर दिया। साथ ही दो तस्कर सूर्यदेव यादव एवं ननकू यादव को गिरफ्तार कर लिया है।पुलिस ने दोनों आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है।मिली जानकारी के अनुसार चतरा पुलिस अधीक्षक को शिकायत मिली थी कि जबड़ा गांव में अवैध तरीके से महुआ शराब का निर्माण किया जा रहा है और सीमावर्ती राज्य बिहार में बिक्री हो रही है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर हंटरगंज थाना प्रभारी प्रभात कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सफलता अर्जित की।इस कार्रवाई के बाद प्रतिबंधित क्षेत्र बिहार में शराब तस्करी में लगे अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस की यह करवाई दर्शाती है की अब थाना क्षेत्र में चल रहे अवैध शराब के कारोबार को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस आगे भी ऐसी कार्रवाई करती रहेंगी। इधर हंटरगंज थाना प्रभारी प्रभात कुमार ने बताया कि किसी भी कीमत पर क्षेत्र में अवैध महुआ शराब का कारोबार चलने नहीं दिया जायेगा। उन्होंने हंटरगंज थाना क्षेत्र को नशा मुक्त करने के लिए आम जनता से सहयोग करने की अपील की है।



## योजनाओं व अन्य कार्यों की हुई समीक्षा बैठक



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**गुमला :** गुमला जिला मुख्यालय स्थित समाहरणालय के सभा कक्ष में उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित की अध्यक्षता में सभी तकनीकी विभागों की योजनाओं एवं अन्य कार्यों की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में सभी तकनीकी विभागों के कार्यपालक अभियंता एवं कर्मी उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य जिले में चल रहे सभी तकनीकी योजनाओं एवं अन्य कार्यों की विस्तृत जानकारी एवं अद्यतन स्थिति की समीक्षा एवं क्रियान्वयन की गति में सुधार लाना था।

बैठक की शुरूआत में उपायुक्त गुमला ने सभी कार्यपालक अभियंताओं से औपचारिक परिचय लिया तथा तत्पश्चात उनके कार्यक्षेत्र एवं दायित्वों की जानकारी ली। पथ निर्माण विभाग की समीक्षा के क्रम में उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की विस्तृत जानकारी ली। इसके साथ ही अति आवश्यक सड़कों के निर्माण की सूची तैयार करने का निर्देश दिया गया एवं सड़क निर्माण कार्य में टेंडर की प्रक्रिया की शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने सड़क निर्माण में आ रही बाधाओं के लिए वन विभाग से समन्वय स्थापित कर कार्य करने की बात कही।

स्पेशल डिवीजन की समीक्षा के क्रम में ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट निर्माण कार्य की समीक्षा की गई। इसके साथ ही आंगनबाड़ी केंद्र के मरम्मती कार्य की जानकारी ली गई एवं मरम्मती कार्य शीघ्र पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया।

ठलअक के कार्यों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त गुमला ने गुमला पलमा हाइवे निर्माण कार्य की जानकारी ली एवं निर्माण कार्य यथाशीघ्र पूर्ण करने की बात कही। लिट्टीबेरा से गुमला तथा कोलेबिरा से गुमला सड़क निर्माण कार्य के विषय में विस्तृत चर्चा की गई।

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल की समीक्षा करते हुए उपायुक्त गुमला ने जल जीवन मिशन सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने गर्मी को देखते हुए जल जीवन मिशन सहित हैंडपंप मरम्मती एवं जलमीनार के कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया। इसके साथ ही उन्होंने कंट्रोल रूम,गोबर गैस प्लांट के कार्यों की भी समीक्षा की।

इस समीक्षा बैठक के क्रम में भवन निर्माण विभाग ,स्पेशल डिवीजन, बिजली विभाग एवं जलपथ प्रमंडल द्वारा संचालित योजनाओं एवं अन्य कार्यों की भी समीक्षा की गई एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

इस बैठक में कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल (यांत्रिकी), कार्यपालक अभियंता, विद्युत आपूर्ति, कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमण्डत,कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, कार्यपालक अभियंता एनआरईपी , कार्यपालक अभियंता, परियोजना निर्देशक, ठलअक,कार्यपालक अभियंता, जलपथ प्रमण्डल, उपस्थित थे।

## धनबाद एसएसपी प्रभात कुमार मुख्यमंत्री से मिले



**बिनय मिश्रा**

धनबाद के नव पद स्थापित वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर उन्हें शुभकामना दी और पुष्प गुच्छ भेंट किया विदित हो कि धनबाद के वरीय

पुलिस अधीक्षक के रूप में प्रभात कुमार की पद स्थापना 27 मई को हुई उन्होंने 28 मई को अपना प्रभार ग्रहण किया। उन्होंने मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में मुख्यमंत्री से शिष्टाचार मुलाकात किया।

विदित होकर भारतीय पुलिस सेवा 2014 बैच के आईपीएस अधिकारी प्रभात कुमार इससे पूर्व रामगढ़ जिला में पुलिस अधीक्षक रहने के साथ साथ जमशेदपुर के वरीय पुलिस अधीक्षक भी रह चुके हैं तथा पाकुड़ के पुलिस अधीक्षक रहने के पश्चात 27 मई को उन्हें धनबाद का नया वरीय पुलिस अधीक्षक बनाया गया और 28 मई को उन्होंने अपना पदभार ग्रहण किया। श्री कुमार भारतीय पुलिस सेवा 2014 के बेहतर ,कर्मठ और उपलब्धि भरे कार्यों के लिए पूरे राज्य में पहचाने जाते हैं मुख्यमंत्री ने भी श्री कुमार के कार्यों को सराहा।

## पुस्तक लोकार्पण सह कवि सम्मेलन संपन्न

**मॉडल कॉलेज चतरा बना साक्षी**



**चतरा :** साहित्यमेव जयते के बैनर तले रविवार पूर्वाह्न 10:00 बजे से मॉडल कॉलेज चतरा में 'अंतरंग' साझा काव्य संग्रह पुस्तक लोकार्पण सह कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। डॉ संध्या रानी के संयोजन में आयोजित इस समारोह में झारखंड के बोकारो, देवघर, धनबाद, पलामू, लातेहार, रामगढ़, तथा हजारीबाग जिला के जाने-माने कवियों ने अपनी प्रस्तुति के साथ उपस्थिति बनायी। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हिंदी विभाग अध्यक्ष बी एड संभाग चतरा कॉलेज चतरा के डॉ नंदकिशोर सिंह, विशिष्ट अतिथि पूर्व प्राचार्य महेश सिंह यादव कॉलेज गया बिहार के प्रो० जयनाथ कवि जी एवं झारखंड प्रदेश अध्यक्ष अंतर्राष्ट्रीय महिला कव्य मंच की मोना बग्गा जी तथा कार्यक्रम अध्यक्ष प्रभारी प्राचार्य मॉडल कॉलेज चतरा के डॉ मनीष दयाल जी के साथ-साथ अन्य गण मान्य उपस्थिति के बीच दीप प्रज्वलन, दीप वंदना सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। झारखंड की पारंपरिक संस्कृति लोटा पानी जोहार के साथ अतिथियों का स्वागत हुआ। पुस्तक लोकार्पण, सभी उपस्थित सह रचनाकार के अनुभव साझा करने,मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि सम्मान के बाद काव्य पाठ का कार्यक्रम शुरू हुआ। अन्य जिलों से आये कवियों में पंकज कुमार दास, सविता धर,धीरेंद्र छतरहारवाला, बबन बदिया, डॉ विजय शंकर,रवि शंकर साह, रीना प्रेम दूबे,उमेश कुमार पाठक, मनीष कुमार मिश्र, गुरमीत सिंह,सरोज झा, संजय कुमार गुप्ता, सुप्रिया रश्मि, पूनम त्रिवेदी ने बहुत ही उम्दा प्रस्तुति दी।कार्यक्रम मंच सचालन डॉ संध्या रानी ने किया। दीप वंदना सरस्वती वंदना सुकृति चौबे, प्रीति कुमारी, मिनाक्षी जयसवाल तथा स्वागत गान में संध्या रानी का साथ संजना कुमारी ने दिया। अंग वस्त्र प्रतीक चिन्ह पुष्प गुच्छ और उपहार देकर सभी को सम्मानित किया गया।

धन्यवाद ज्ञापन अरुंधति दत्ता ने किया। डॉ संध्या रानी ने बताया कि चतरा में पहली बार इस तरह के साहित्यिक कार्यक्रम हुए। प्राचार्य डॉ मनीष दयाल के सराहनीय सहयोग ने इस कार्यक्रम को सफल बनाया। इस कार्यक्रम में मॉडल कॉलेज चतरा के शशि जी, बजरंगी जी के साथ साथ सभी कर्मियों का अपूर्व सहयोग रहा। प्राचार्य डॉ मनीष दयाल जी के सराहनीय सहयोग ने इस कार्यक्रम को सफल बनाया।इस कार्यक्रम में मजबूत कड़ी प्रह्लाद यादव के साथ साथ कुमार प्रियांशु, अरिजीत सिन्हा, रूद्र विनायक, रंजन यादव,अमर यादव, दीपक कुमार, रेणु रीना, माधवी गुप्ता, श्वेता सिन्हा, कविता फूलवंती, सविता बनर्जी, अनिता यादव, अदिति सिन्हा , नंदकिशोर प्रजापति, सूरज भूषण शर्मा, सरस्वती गुप्ता एवं चतरा के साहित्य प्रेमी और मॉडल कॉलेज चतरा में उपस्थित रहे।

## गर्भवती महिला को अस्पताल पहुंचने में मदद करने वाले को डीसी ने किया सम्मानित

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**सिमडेगा:** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी इकाई सिमडेगा के सचिव सहित सभी प्रतिनिधियों ने उपायुक्त कंचन सिंह से शिष्टाचार मुलाकात की और बुके भेंट कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर सचिव ने उपायुक्त को रेड क्रॉस की गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सोसाइटी जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों, विशेषकर उन स्थानों पर जहां स्वास्थ्य सेवाओं का अभाव है, वहां निशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन कर ग्रामीणों को चिकित्सा सुविधा प्रदान करती है। इसके अतिरिक्त सोसाइटी द्वारा निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन कैंप, रक्तदान शिविर एवं अन्य जनकल्याणकारी गतिविधियाँ भी नियमित रूप से संचालित की जाती हैं। उपायुक्त ने रेड क्रॉस सोसाइटी के कार्यों की सराहना की और भविष्य में प्रशासनिक सहयोग का आश्वासन दिया।



भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के सदस्य एवं रौतिया समाज के प्रखंड अध्यक्ष महेश सिंह ने उपायुक्त कंचन सिंह से मुलाकात के दौरान एक मानवीय घटना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बानो प्रखंड के डुमरिया मारिकेल गांव में दो दिनों से प्रसव पीड़ा से जूझ रही गर्भवती महिला सुसान्ती बागे को सड़क की सुविधा नहीं होने के कारण गांव के लोगों ने खटिया पर करीब 3 किलोमीटर तक लाकर कच्ची सड़क से निजी वाहन द्वारा बानो अस्पताल पहुंचाया। इस कार्य में रौतिया समाज के सदस्य, प्रखंड अध्यक्ष और स्थानीय मुखिया सक्रिय रूप से शामिल रहे। समय पर इलाज मिलने से महिला ने एक स्वस्थ बेटे को जन्म दिया।

महेश सिंह ने बताया कि क्षेत्र में नेटवर्क कनेक्टिविटी की सुविधा नहीं होने के कारण समय पर सूचना नहीं दी जा सकी। इस पर उपायुक्त ने गंभीरता से संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों के साथ शीघ्र बैठक कर नेटवर्क सुविधा उपलब्ध कराने की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण कार्य को मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना एवं प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत प्राथमिकता देते हुए यथाशीघ्र आर0ई0ओ0 एजेंसी से तुरंत सड़क का निर्माण किया जाएगा।

## जनता दरबार में सुनी गई समस्याएं, कई मामलों का हुआ त्वरित निष्पादन

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**सिमडेगा:** सिमडेगा की उपायुक्त कंचन सिंह द्वारा आयोजित जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गईं। जनता दरबार में लोगों ने जमीन दाखिल-खारिज, अबुआ आवास योजना के लाभ, रोजगार उपलब्धता, सड़क दुर्घटना मुआवजा, सड़क निर्माण में अनियमितता, चौकीदारों का लंबित एसीपी/एमएसीपी लाभ से संबंधित, जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने तथा बैंकों की कार्यप्रणाली से जुड़ी शिकायतें प्रस्तुत कीं।

बैंक ऑफ इंडिया, लाचड़गढ़ शाखा द्वारा सड़क दुर्घटना मुआवजा की निकासी पर रोक लगाने की शिकायत दर्ज की गई। साथ ही, पंचायत कार्यालय में सफाई कर्मी को हटाने, यूनियन बैंक द्वारा ई-केवाईसी न किए जाने, और पथ निर्माण में अनियमितता को लेकर भी लोगों ने अपनी बात रखी। उपायुक्त ने सभी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

जलडेगा प्रखंड के ग्राम बलडेगा की निवासी श्रीमती आशा देवी ने उपायुक्त के समक्ष जॉब कार्ड से जुड़ी अपनी समस्या रखी। उन्होंने बताया कि उनका पुराना जॉब कार्ड लंबे समय से निष्क्रिय रहने के कारण डिलीट हो गया है, और वह सितंबर माह से नया कार्ड बनवाने का प्रयास कर रही हैं। उपायुक्त ने मामले की गंभीरता को समझते हुए डीडीसी को त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया। प्रशासन की तत्परता से आशा देवी को मौके पर ही नया जॉब कार्ड निर्गत कर दिया गया, जिससे जनता में प्रशासन के प्रति विश्वास और संतोष की भावना बढ़ी।




वहीं, ठेठईटांगर प्रखंड के ग्राम पंडरीपानी निवासी अलबिसिया हनुमान ने जाति प्रमाण पत्र निर्गत न होने की शिकायत की। उपायुक्त ने अंचलाधिकारी ठेठईटांगर को आवश्यक निर्देश देते हुए जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने को कहा।

जनता दरबार में यौन शोषण से पीड़ित एक महिला ने न्याय की गुहार लगाई। उसने उपायुक्त को बताया कि महिला थाना में मामला दर्ज कराने के दो महीने बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई है, और आरोपी के पिता द्वारा केस वापस लेने का दबाव बनाते हुए जान से मारने की धमकी दी जा रही है। उपायुक्त श्रीमती सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक एवं महिला थाना प्रभारी से तत्काल संपर्क कर दोषी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

इस प्रकार, जनता दरबार में अनेक मामलों का समाधान कर प्रशासन ने संवेदनशील और जनहितकारी रवैया प्रदर्शित किया।